मुंबई (महाराष्ट्र) से प्रकाशित

हिन्दी दैनिक

# उत्तरशक्ति

हर खबर निष्पक्षता के साथ

मुंबई
वर्ष: 8 अंक 257
शनिवार, 05 अप्रैल 2026
मूल्य 3 रुपए, पृष्ठ-6
RNI NO. MAHHIN/2018/76092
email ID- uttarshaktinews@gmail.com
www.uttarshaktinews.com


## सीजफायर के लिए तैयार नहीं ईरान, कहा स्थायी समाधान से कम कुछ भी मंजूर नहीं

### * अमेरिका के 48 घंटे के युद्धविराम प्रस्ताव को ठुकराया
### * ईरानी सेना ने अमेरिकी ठिकानों वाले देशों को चेताया

नई दिल्ली, 4 अप्रैल। पश्चिम एशिया में अमेरिका और इजरायल के साथ जारी सैन्य संघर्ष के बीच ईरान ने स्पष्ट किया है कि वह केवल ऐसे समझौते के लिए तैयार होगा, जिससे युद्ध का निर्णायक और स्थायी अंत" सुनिश्चित हो। ईरान के विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची ने शनिवार को इंटरनेट मीडिया मंच एक्स पर कहा कि तेहरान की प्राथमिकता युद्धविराम नहीं, बल्कि उस अवैध युद्ध की ऐसी समाप्ति है जिसमें भविष्य में दोबारा संघर्ष की स्थिति न बने।

उन्होंने अमेरिकी मीडिया में आई उन खबरों को गलत बताया, जिनमें कहा गया था कि ईरान ने पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में प्रस्तावित वार्ता में भाग लेने से इनकार कर दिया है। रायटर्स के अनुसार, अराघची ने कहा कि ईरान ने वार्ता से इनकार नहीं किया है, बल्कि वह पहले उन शर्तों को स्पष्ट करना चाहता है जिनके आधार पर स्थायी समाधान संभव हो सके। इससे पहले वॉल स्ट्रीट जर्नल ने रिपोर्ट दी थी कि ईरान ने मध्यस्थों को संकेत दिया है कि वह मौजूदा अमेरिकी प्रस्तावों को स्वीकार्य नहीं मानता और निकट भविष्य में अमेरिकी अधिकारियों से मिलने के पक्ष में नहीं है।



आईएएनएस के अनुसार, ईरान की फार्स समाचार एजेंसी ने दावा किया कि अमेरिका ने एक मित्र देश के माध्यम से 48 घंटे के युद्धविराम का प्रस्ताव भेजा था, जिसे तेहरान ने ठुकरा दिया। एजेंसी के अनुसार, यह प्रस्ताव ऐसे समय भेजा गया जब कुवैत के बुबियान द्वीप स्थित अमेरिकी सैन्य ठिकाने पर ईरानी हमले के बाद क्षेत्रीय संकट और गहरा गया। रिपोर्ट में कहा गया कि ईरान ने लिखित जवाब देने के बजाय युद्धक्षेत्र में हमले जारी रखकर अपना रुख स्पष्ट किया।

एपी के अनुसार, पाकिस्तान ने इस बीच उन मीडिया रिपोर्टों को खारिज किया है जिनमें कहा गया था कि अमेरिका और ईरान के बीच संवाद कराने की उसकी पहल प्रारंभिक शांति प्रस्तावों के आदान-प्रदान के बाद बाधित हो गई है। पाकिस्तान के विदेश कार्यालय के प्रवक्ता ताहिर अंद्राबी ने ऐसी खबरों को निराधार" और कल्पना पर आधारित" बताया। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान क्षेत्र में संवाद और शांति बहाली के प्रयास जारी रखे हुए है।

ईरानी सशस्त्र बलों के खातम अल-अनबिया केंद्रीय मुख्यालय ने अमेरिका और उसके क्षेत्रीय सहयोगियों को कड़ी चेतावनी दी है। मुख्यालय के प्रवक्ता इब्राहिम जुल्फिकारी ने कहा कि जिन देशों में अमेरिकी सैन्य ठिकाने मौजूद हैं, उन्हें अमेरिकी बलों की वापसी सुनिश्चित करनी चाहिए, अन्यथा वे भी संभावित हमलों की जद में आ सकते हैं। उन्होंने अमेरिकी और इजरायली परिसंपत्तियों पर ह्लकुचल देने वाले हमलों" की चेतावनी दी।

एएनआई के अनुसार, ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियान ने भी अमेरिका की कूटनीतिक मंशा पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने बताया कि हालिया हमले में विदेश नीति से जुड़े एक वरिष्ठ अधिकारी की पत्नी की मौत हो गई, जबकि उस अधिकारी पर कथित हत्या का प्रयास किया गया था। पेजेशकियान ने कहा कि जब वह अमेरिकी जनता को संबोधित कर रहे थे, उसी समय यह हमला हुआ। उन्होंने लिखा, ह्लदुनिया तय करे कि संवाद कौन चाहता है और आतंक की राह कौन चुन रहा है।"

## कुल्लू में खाई में गिरी ट्रैवलर, चार लोगों की मौत



कुल्लू, 4 अप्रैल। हिमाचल प्रदेश के कुल्लू जिले में नेशनल हाईवे-305 पर शनिवार शाम एक बड़ा सड़क हादसा हो गया। घीयागी से करीब दो किलोमीटर पीछे सोझा की ओर भ्रागे जान नामक स्थान पर पर्यटकों से भरी एक ट्रैवलर अनियंत्रित होकर गहरी खाई (नाले) में जा गिरी। ताजा जानकारी के अनुसार, इस दर्दनाक हादसे में अब तक चार सैलानियों की मौत हो चुकी है, जबकि दो लोग लापता बताए जा रहे हैं। वहीं 15 पर्यटकों को सुरक्षित रेस्क्यू कर लिया गया है। सभी घायलों को उपचार के लिए बंजार अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया जा रहा है कि ट्रैवलर में कुल 22 पर्यटक सवार थे और वाहन जलोड़ी दर्रा से जीभी की ओर जा रहा था। इसी दौरान अचानक वाहन चालक का नियंत्रण बिगड़ गया और गाड़ी खाई में जा गिरी। हादसे की सूचना मिलते ही स्थानीय प्रशासन और राहत-बचाव दल मौके पर पहुंच गए। एसडीएम बंजार पंकज शर्मा ने बताया कि रेस्क्यू ऑपरेशनमें स्थानीय लोगों ने भी प्रशासन का सहयोग किया। फिलहाल हादसे के कारणों की जांच की जा रही है और मृतकों की पहचान की प्रक्रिया जारी है। ताजा जानकारी के अनुसार, कुल 22 लोग सवार थे (20 वयस्क और 02 बच्चे)। इनमें से 18 लोगों को बचा लिया गया है और इलाज के लिए सीएच बंजार भेज दिया गया है। दुर्भाग्यवश, मौके पर ही 04 लोगों की मौत की खबर है, जिनमें 02 पुरुष और 02 महिलाएं शामिल हैं।

## गुजरात के कांडला में लगी भीषण आग, टेक्सटाइल यूनिट में हादसा

अहमदाबाद, 4 अप्रैल। गुजरात के कच्छ जिले में स्थित प्रमुख व्यापारिक क्षेत्र कांडला स्पेशल इकोनॉमिक जोन में शनिवार शाम एक बड़ा औद्योगिक हादसा होने से टल गया। यहां एक टेक्सटाइल कंपनी की यूनिट में अचानक भीषण आग भड़क उठी, जिससे स्थानीय लोगों में दहशत का माहौल बन गया। राहत की बात यह है कि दमकल विभाग की त्वरित कार्रवाई से आग पर काबू पा लिया गया है और एक बड़ी आपदा व संभावित जनहानि को सफलतापूर्वक रोक लिया गया है। औद्योगिक क्षेत्र में उत्पादन और आपूर्ति श्रृंखला के लिहाज से यह घटना महत्वपूर्ण है, क्योंकि हाल के दिनों में इस जोन में आग लगने की यह दूसरी घटना है।

आधिकारिक जानकारी के अनुसार, यह भीषण अग्निकांड शनिवार शाम को कांडला सेज में स्थित 'टेक्सवूल' टेक्सटाइल कंपनी में हुआ। अधिकारियों ने बताया कि जिस स्थान पर आग लगी, वह कंपनी 'टेक्स पॉलीमर'



के नाम से संचालित एक इस्तेमाल किए गए कपड़ों की इकाई थी। कपड़ों के ज्वलनशील होने के कारण आग तेजी से फैली, जिसने स्थानीय क्षेत्र में भय पैदा कर दिया।

औद्योगिक संपत्ति और जानमाल की सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए घटना की सूचना मिलते ही तत्काल बचाव कार्य शुरू कर दिया गया। आग पर काबू पाने के लिए ङअरऐ (कांडला स्पेशल इकोनॉमिक जोन), नगर निगम और डीपीए की दमकल टीमों को तुरंत घटनास्थल की ओर रवाना किया गया। दमकल विभाग की चार टीमों ने मोर्चो संभालते हुए पानी की बौछार कर भीषण आग पर नियंत्रण प्राप्त किया। फायर विभाग के अनुसार, स्थिति को पूरी तरह से सुरक्षित करने के लिए अभी भी अग्निशमन अभियानचलाए जा रहे हैं। कारोबारी और औद्योगिक नजरिए से यह घटना चिंता का विषय है, क्योंकि इसी क्षेत्र में आग लगने का यह पहला मामला नहीं है। आधिकारिक जानकारी के मुताबिक, इस घटना से कुछ ही समय पहले इसी क्षेत्र में स्थित एक अन्य कपड़ा कंपनी में भी आग लगने की घटना सामने आई थी। एक ही विशेष आर्थिक क्षेत्र (सेज) के भीतर टेक्सटाइल इकाइयों में एक के बाद एक आग लगने की ये घटनाएं औद्योगिक सुरक्षा मानकों और अनुपालन की स्थिति पर सवालिया निशान लगाती हैं। वर्तमान में स्थिति नियंत्रण में है और एक बड़े नुकसान को टाल दिया गया है। हालांकि, आग लगने के सटीक कारणों और कंपनी को हुए कुल आर्थिक नुकसान का आकलन किया जाना अभी बाकी है। इस दुर्घटना के संबंध में प्रशासन और संबंधित विभागों की ओर से विस्तृत विवरण की प्रतीक्षा की जा रही है।

## जैन धर्म हिंदू संस्कृति का हिस्सा, अब यह समाज अल्पसंख्यक दर्जे से बाहर आने पर करे विचार: मंगल प्रभात लोढ़ा

मुंबई, 4 अर्पल। महाराष्ट्र सरकार के कैबिनेट मंत्री मंगल प्रभात लोढ़ा ने जैन समाज को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि जैन धर्म मूलतः हिंदू संस्कृति का ही हिस्सा है और अब जैन समाज को अल्पसंख्यक दर्जे से बाहर आने पर विचार करना चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि भारत में विभिन्न जाति और धर्म मौजूद हैं, लेकिन उनकी जड़ें एक ही सांस्कृतिक विचारधारा से जुड़ी हैं। जैन धर्मियों की पूजा पद्धति अलग हो सकती है, परंतु वे सांस्कृतिक रूप से हिंदू ही हैं। बीजेपी की महायुति सरकार के कैबिनेट मंत्री लोढ़ा ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संस्थापक केशव बलीराम हेडगेवार की जयंती का उल्लेख करते हुए कहा कि उनके विचार आज भी प्रासंगिक हैं। जब तक हिंदू समाज एकजुट नहीं होगा, तब तक सशक्त राष्ट्र निर्माण संभव नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि इतिहास में मुगलों और अंग्रेजों ने फूट डालो और राज करो की नीति अपनाई, जिससे समाज में विभाजन पैदा हुआ। आजादी के बाद भी कांग्रेस ने इसी नीति को आगे बढ़ाते हुए हिंदू समाज को जाति और धर्म के आधार पर बांटने का काम किया।

उन्होंने कहा कि जैन और हिंदू समाज, जो विश्व को मानवता और अहिंसा का संदेश देते हैं, उनके बीच भी राजनीतिक कारणों से दूरी बनाई गई। मुस्लिम समाज में भी अनेक जातियां हैं, लेकिन वहां कांग्रेस ने इस प्रकार का विभाजन नहीं किया बल्कि उन्हें जोड़ा। दक्षिण भारत का उदाहरण देते हुए लोढ़ा ने कहा कि एक समय वहां जैन समाज की जनसंख्या 22-23 प्रतिशत थी, जो अब घटकर लगभग 3 प्रतिशत रह गई है। इसे उन्होंने राजनीतिक षड्यंत्र का परिणाम बताया।

## ईरान का बड़ा फैसला, होर्मुज से जरूरी सामान ले जाने वाले जहाजों के लिए खोला रास्ता

नई दिल्ली, 4 अप्रैल। पश्चिम एशिया में गहराते युद्ध के बादलों और सैन्य तनाव के बीच ईरान ने एक बड़ा मानवीय निर्णय लिया है। ईरान सरकार ने होर्मुज जलडमरूमध्य से आवश्यक और मानवीय सहायता सामग्री ले जाने वाले जहाजों को अपने बंदरगाहों तक आने की अनुमति दे दी है। यह निर्णय ऐसे समय में आया है जब पूरा क्षेत्र भीषण संघर्ष और आपूर्ति श्रृंखला की भारी किल्लत से जूझ रहा है। ईरानी कृषि उप मंत्री हूमन फाथी द्वारा पोर्ट्स एंड मैरीटाइम आर्गनाइजेशन (पीएमओ) को लिखे पत्र के अनुसार, सरकार और सशस्त्र बलों ने विशेष रूप से खाद्यान्न और पशुधन ले जाने वाले जहाजों को मार्ग देने पर सहमति जताई है।

युद्ध की विभीषिका और वैश्विक संकट उल्लेखनीय है कि 28 फरवरी को इजरायल और अमेरिका द्वारा तेहरान पर किए गए हमलों, जिसमें सर्वोच्च नेता अली खामेनेई की मृत्यु हो गई थी, के बाद ईरान ने होर्मुज जलडमरूमध्य पर कड़ा नियंत्रण कर लिया था। अंतरराष्ट्रीय समुद्री संगठन के अनुसार, जहां पहले यहां से प्रतिदिन 130 जहाज गुजरते थे, वहीं अब दो हजार जहाजों पर लगभग 20 हजार नाविक फंसे हुए हैं। इस मार्ग के बाधित होने से वैश्विक अर्थव्यवस्था चरमरा गई है। आसमान छूती कीमतें और हाहाकार होर्मुज के संकट ने पूरी दुनिया की जेब पर प्रहार किया है। कच्चे तेल की कीमतें 107 डालर प्रति बैरल के पार पहुंच गई हैं, जिससे परिवहन और रसद लागत में भारी उछाल आया है। यूरोप और अमेरिका पर भी इसका प्रतिकूल प्रभाव देखने को मिल रहा है। जर्मनी में पेट्रोल की कीमतें दिन में 22 बार तक बदल रही हैं, जबकि फ्रांस के 16 प्रतिशत फ्यूल स्टेशनों पर किल्लत के कारण हाहाकार मचा है। अर्थशास्त्री पाल क्रुगमैन ने चेतावनी दी है कि इस संकट का सबसे बुरा असर आम उपभोक्ताओं पर पड़ेगा, जिन्हें भोजन और रोजमर्रा की वस्तुओं के लिए अत्यधिक कीमतें चुकानी होंगी। ईरान का यह नया कदम भले ही केवल आवश्यक वस्तुओं के लिए हो, लेकिन इसे वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला को पूरी तरह ध्वस्त होने से बचाने की एक छोटी सी उम्मीद के रूप में देखा जा रहा है।

## वि बिश्नोई की फिरकी में फंसा गुजरात, आखिरी ओवर में कैसे देशपांडे ने टाइटंस के मुंह से छीनी जीत?



अहमदाबाद, 4 अर्पैल। राजस्थान रॉयल्स ने गुजरात टाइटंस को छह रन से हरा दिया। शनिवार को आईपीएल 2026 का रोमांचक मुकाबला अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला गया। इस मैच में राजस्थान ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया और बोर्ड पर 20 ओवर में छह विकेट पर 210 रन लगाए। उनके लिए यशस्वी जायसवाल (55) और ध्रुव जुरेल (75) ने अर्धशतकीय पारियां खेलीं। जवाब में गुजरात की टीम 20 ओवर में आठ विकेट पर 204 रन ही बना सकी और मुकाबला हार गई। उनके लिए साई सुदर्शन ने 73 रन बनाए।

211 रनों के विशाल लक्ष्य का पीछा करने उतरी गुजरात की टीम ने जोरदार शुरूआत की और मैच को आखिरी गेंद तक रोमांचक बनाए रखा। गुजरात टाइटंस की शुरूआत शानदार रही। कुमार कुशाग्र और साई सुदर्शन ने पहले विकेट के लिए 7.6 ओवर में 78 रन जोड़ दिए। कुशाग्र 18 रन बनाकर आउट हुए, लेकिन सुदर्शन ने शानदार बल्लेबाजी जारी रखी। उन्होंने 44 गेंदों में 73 रन बनाए, जिसमें 9 चौके और 3 छक्के शामिल रहे। जोस बटलर (26 रन, 14 गेंद) अच्छी शुरूआत को बड़ी पारी में नहीं बदल सके। ग्लेन फिलिप्स सिर्फ तीन रन बनाकर चलते बने, जबकि वॉशिंगटन सुंदर चार रन ही जोड़ सके। राहुल तेवतिया ने 12 रन और शाहरुख खान ने 11 रन बनाकर टीम को तेजी देने की कोशिश की।

अंतिम ओवरों में राशिद खान और कगिसो रबाडा ने 30 गेंदों में 43 रन की तेज साझेदारी कर मुकाबले को रोमांचक बना दिया। राशिद ने 16 गेंदों में 24 रन बनाए, जबकि रबाडा 16 गेंदों में 23 रन बनाकर नाबाद रहे। हालांकि, आखिरी के दो ओवरों में जोफ्रा आर्चर और तुषार देशपांडे की सटीक गेंदबाजी ने मैच का रुख पलट दिया।

मुकाबला पूरी तरह आखिरी ओवर तक खिंचा, जहां गुजरात को जीत के लिए 10 रन चाहिए थे और क्रीज पर राशिद खान व कगिसो रबाडा मौजूद थे। गेंदबाजी की जिम्मेदारी तुषार देशपांडे के हाथों में थी।

इससे पहले टॉस जीतने के बाद पहले बल्लेबाजी करने उतरी राजस्थान रॉयल्स की शुरूआत दमदार रही। यशस्वी जायसवाल और वैभव सूर्यवंशी ने बेहतरीन बल्लेबाजी करते हुए पहले विकेट के लिए 6.2 ओवर में 70 रन जोड़े। वैभव ने 18 गेंदों का सामना करते हुए 5 चौके और एक छक्के की मदद से 31 रन बनाए। वहीं, यशस्वी ने 36 गेंदों में 55 रनों की शानदार पारी खेली।

नंबर तीन पर बल्लेबाजी करने उतरे ध्रुव जुरेल बेहतरीन लय में दिखाई दिए और उन्होंने 42 गेंदों में 75 रनों की लाजवाब पारी खेली। जुरेल ने अपनी इस पारी में 5 चौके और 5 छक्के लगाए। जुरेल ने दूसरे विकेट के लिए यशस्वी संग मिलकर 56 रनों की अहम साझेदारी निभाई। शिमरॉन हेटमायर ने 8 गेंदों में 18 रन बनाए।

हालांकि, कप्तान रियान पराग बल्ले से कुछ खास कमाल नहीं दिखा सके और वह आठ रन बनाकर आउट हुए। रवींद्र जडेजा 7 रन बनाकर नाबाद रहे। जुरेल-यशस्वी की शानदार पारियों के दम पर राजस्थान रॉयल्स की टीम 20 ओवर में छह विकेट खोकर स्कोरबोर्ड पर 210 रन लगाने में सफल रही। गेंदबाजी में गुजरात टाइटंस की ओर से सर्वाधिक दो विकेट कगिसो रबाडा ने चटकाए।




# दंड से सुधार की ओर विश्वास आधारित न्यायिक यात्रा



-ललित गर्ग

भारत की लोकतांत्रिक व्यवस्था में कानून का उद्देश्य केवल दंड देना नहीं, बल्कि व्यवस्था, अनुशासन, सुधार और विश्वास का वातावरण बनाना भी होता है। इसी दृष्टि से भारत सरकार द्वारा लाया गया जन विश्वास विधेयक 2026 पहले लोकसभा के बाद अब राज्यसभा से भी पारित होने से इसके कानून के रूप में अमल का रास्ता साफ हो गया। इसके माध्यम से उस व्यवस्था को विदा देने का जतन किया गया है, जिसमें छोटी-छोटी गलतियों या सामान्य नियम-कानूनों के उल्लंघन पर जेल की सजा का प्रविधान था, अब ऐसा होने पर आर्थिक दंड लगेगा। निश्चित ही इस विधेयक का पारित होना एक महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक कदम है, भारतीय कानूनी परिवेश की एक उजली भोर है। निश्चित तौर यह कानून दंडात्मक व्यवस्था से सुधारात्मक व्यवस्था की ओर बढ़ने का संकेत देता है। इसमें लगभग 79 केंद्रीय कानूनों में संशोधन कर 784 प्रविधानों में संशोधन किये गये हैं और 700 से अधिक छोटे अपराधों को अपराध की श्रेणी से बाहर किया गया है। इससे अदालतों में मुकदमों का बोझ और न्यायिक तंत्र पर दबाव कम होगा। अब ड्राइविंग लाइसेंस की अवधि खत्म होने पर भी वह 30 दिन तक वैध रहेगा और राष्ट्रीय राजमार्ग पर जाम लगाने पर सजा के स्थान पर जुमार्ने का प्रविधान होगा। इसी तरह अन्य अनेक मामलों में ऐसा होगा। इनमें से कई मामले कारोबारियों से भी जुड़े हैं, जैसे पहले ड्रग्स एवं कास्मेटिक नियमों के उल्लंघन पर जेल हो सकती थी, लेकिन अब केवल जुमार्ना लगेगा। जो छोटे कारोबारी प्रायः जटिल नियम-कानूनों के अनचाहे उल्लंघन के कारण दंडित होने के दबाव में भयभीत रहते थे, वे अब भयमुक्त होंगे।

भाजपा सरकार एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रमुख लक्ष्यों में से एक है भारत की व्यवस्था एवं कानूनों का सरल एवं सुगम बनाना, यह कानून उसी दिशा में एक रचनात्मक एवं सृजनात्मक उपक्रम है। इस विधेयक से न केवल न्यायिक प्रणाली पर बोझ कम होगा बल्कि नागरिकों, उद्यमियों और निवेशकों में सरकार के प्रति विश्वास भी बढ़ेगा। इसे ह्लन्यूनतम सरकार, अधिकतम शासनह्व की अवधारणा को व्यवहार में उतारने वाला कानून भी कहा जा सकता है। दंड नहीं, सुधार की भावना को बल देते हुए इस कानून से आम-जनता को कानून की जटिल प्रक्रियाओं एवं भ्रष्टाचार की व्यवस्था से मुक्ति मिलेगी। भारतीय न्याय व्यवस्था लंबे समय तक दंड आधारित रही है, जिसमें छोटे-छोटे उल्लंघनों के लिए भी आपराधिक मुकदमे चल जाते थे। इससे अदालतों में मुकदमों का ढेर लग जाता था और आम नागरिक अनावश्यक कानूनी प्रक्रियाओं में उलझ जाते थे। जन विश्वास विधेयक ने इस सोच को बदलने का प्रयास किया है। इससे कानून का उद्देश्य दंड देना नहीं, बल्कि सुधार करना और व्यवस्था बनाए रखना होगा। अपराध की गंभीरता के अनुसार दंड तय करना न्याय के मूल सिद्धांतों के अधिक अनुरूप है। इस कानून से न्यायिक प्रक्रिया तेज होगी और गंभीर अपराधों पर अधिक ध्यान दिया जा सकेगा। यह कानून न्यायिक सुधार की दिशा में भी एक बड़ा ऐतिहासिक कदम है, क्योंकि इससे न्यायालयों का समय और संसाधन बचेंगे और न्याय प्रणाली अधिक प्रभावी बनेगी। इस कानून का एक महत्वपूर्ण उद्देश्य व्यापार और उद्योग जगत में विश्वास का वातावरण बनाना भी है। पहले कई छोटे नियमों के उल्लंघन पर आपराधिक मुकदमे दर्ज हो जाते थे, जिससे उद्यमियों और निवेशकों में भय का वातावरण रहता था। अब आर्थिक दंड के प्रावधान से अनुपालन का बोझ कम होगा और व्यापार करने में आसानी होगी। इससे छोटे उद्यमियों, स्टार्टअप और उद्योगों को प्रोत्साहन मिलेगा तथा भारत में निवेश का वातावरण और बेहतर बनेगा। वैश्विक स्तर पर भी भारत की छवि एक सरल और निवेश अनुकूल देश के रूप में मजबूत होगी।

इस कानून की सबसे महत्वपूर्ण विशेषता यह है कि इसकी भावना भारतीय संस्कृति के बहुत निकट दिखाई देती है। भारतीय संस्कृति में दंड से अधिक सुधार, प्रतिशोध से अधिक क्षमा और अपराध से अधिक परिमार्जन की परंपरा रही है। हमारे शास्त्रों और परंपराओं में कहा गया है कि मनुष्य से गलती होना स्वाभाविक है, लेकिन उसे सुधार का अवसर मिलना चाहिए। छोटी-छोटी गलतियों के लिए कठोर दंड देना न्याय नहीं, बल्कि अन्याय की श्रेणी में आ सकता है। इस दृष्टि से यदि कानून व्यवस्था में क्षमा, सुधार और परिमार्जन की व्यवस्था हो, तो समाज अधिक मानवीय और संवेदनशील बन सकता है। भारत की संस्कृति दंडात्मक नहीं, बल्कि सुधारात्मक और समन्वयवादी रही है। जन विश्वास विधेयक इसी भावना को आधुनिक कानूनी व्यवस्था में स्थापित करने का प्रयास प्रतीत होता है। यह कानून विश्वास आधारित शासन की ओर अग्रसर होने के साथ मेरा भारत महान-का उद्घोष है। यह कानून सरकार और नागरिकों के बीच विश्वास को मजबूत करने वाला भी है। जब सरकार नागरिकों को अपराधी मानने की बजाय जिम्मेदार नागरिक मानकर कानून बनाएगी, तो नागरिकों में भी कानून के प्रति सम्मान और पालन की भावना बढ़ेगी। विश्वास आधारित शासन किसी भी लोकतंत्र की सबसे बड़ी शक्ति होता है। भय आधारित शासन में नागरिक कानून से बचने की कोशिश करते हैं, जिससे समाज में भ्रष्टाचार को पनपने का मौका मिलता है जबकि विश्वास आधारित शासन में नागरिक कानून का पालन स्वयं करते हैं। देश एवं समाज के प्रति जिम्मेदारी का अहसास स्वतः जागता है। भारत ने 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने का लक्ष्य रखा है। विकसित राष्ट्र बनने के लिए केवल आर्थिक विकास ही नहीं, बल्कि न्यायिक, प्रशासनिक और कानूनी सुधार भी आवश्यक हैं। जन विश्वास विधेयक इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा सकता है। सरल कानून, कम सरकारी हस्तक्षेप, तेज न्याय प्रणाली और व्यापार के लिए अनुकूल वातावरण-ये सभी विकसित राष्ट्र की पहचान होते हैं। इस दृष्टि से यह कानून भारत को आधुनिक और विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में सहायक सिद्ध होगा। यह भी स्वीकार करना होगा कि इस प्रकार के बड़े कानूनी सुधार राजनीतिक इच्छाशक्ति के बिना संभव नहीं होते। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार ने कई प्रशासनिक और कानूनी सुधार किए हैं, जिनका उद्देश्य शासन को सरल, पारदर्शी और जनहितकारी बनाना है, न्याय व्यवस्था को ज्यादा मानवीय एवं व्यावहारिक बनाना है। इसी कारण प्रधानमंत्री ने इस विधेयक के पारित होने पर यह आशा व्यक्त की कि इसके जरिये भरोसे पर आधारित व्यवस्था का निर्माण होने के साथ आम नागरिक सशक्त बनेंगे। जन विश्वास विधेयक उसी श्रृंखला का एक महत्वपूर्ण कदम है, जो यह दशार्ता है कि सरकार नागरिकों को दंडित करने की बजाय उनके साथ विश्वास का संबंध स्थापित करना चाहती है। यह कानून शासन और जनता के बीच विश्वास का पुल बनाने का एक सराहनीय एवं सूझबूझभरा प्रयास है।

वास्तव में कानून का शासन ऐसा होना चाहिए, जिसमें मामूली गलती या किसी गफलत या अनजाने में की गई भूल कठोर सजा का कारण नहीं बननी चाहिए। अब जब जन विश्वास विधेयक से हालात में व्यापक बदलाव की उम्मीद की जा रही है, तब यह आवश्यक हो जाता है कि इस विधेयक के प्रविधानों से आम जनता को अवगत कराया जाए, ताकि वह अधिकतम लाभ उठा सके और शोषण एवं भ्रष्टाचार से भी बच सके। ध्यान रहे आम लोग सशक्त तब होते हैं, जब वे नियम-कानूनों से भली तरह अवगत होते हैं। जनता को बदले हुए नियम-कानूनों से परिचित कराने का काम सरकार को करना चाहिए। इसी के साथ उसे इसे लेकर सावधान रहना होगा कि छोटे अपराधों में जेल भेजने वाले प्रविधानों की जगह चेतावनी देने और जुमार्ना लगाने वाली नई व्यवस्था से समाज में ऐसा कोई संदेश न जाए कि नियम-कानूनों के उल्लंघन पर जुमार्ना देकर बचा जा सकता है। यदि जुमार्ना देकर नियम-कानूनों को हल्के में लेने की प्रवृत्ति बढ़ी तो इस विधेयक का उद्देश्य ही व्यर्थ हो जाएगा। सबसे महत्वपूर्ण जुमार्ना लेने की परम्परा कहीं प्रशासनिक अधिकारियों एवं न्यायिक अधिकारियों को अधिक भ्रष्ट न बना दे। लोगों को भी यह समझना आवश्यक है कि अधिकारों के साथ कर्तव्यों के पालन से ही कोई राष्ट्र प्रगति पथ पर तेजी से आगे बढ़ता है। निश्चित तौर पर इस कानून से समूची दुनिया में भारतीय कानून अनुकरणीय बनेंगे, कहा जा सकता है कि जन विश्वास विधेयक केवल एक कानूनी संशोधन नहीं, बल्कि शासन की सोच में बदलाव का प्रतीक है। यह कानून दंड से सुधार, भय से विश्वास और जटिलता से सरलता की ओर बढ़ने का संकेत देता हैं। भारतीय संस्कृति में क्षमा, सुधार, परिमार्जन और सह-अस्तित्व की जो परंपरा रही है, यह कानून उसी भावना को आधुनिक कानून व्यवस्था में स्थान देने का प्रयास है। इस कानून का सही ढंग से क्रियान्वयन हुआ, तो यह न केवल न्यायिक व्यवस्था को सरल बनाएगा, बल्कि भारत में विश्वास आधारित शासन की स्थापना करेगा और विकसित भारत के लक्ष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर सिद्ध होगा।

# बंगाल में पार्टियां बदलीं, सरकार बदली, सियासी चेहरे बदले, पुलिस तंत्र भी बदलता गया, नहीं बदली तो बस कानून एवं व्यवस्था



अशोक भाटिया

पश्चिम बंगाल की बदहाल कानून व्यवस्था की गूंज राष्ट्रीय पटल पर हमेशा होती है। इस मुद्दे पर विपक्षी दल सत्ताधारी दल पर निशाना साधते हैं। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी इसे बंगाल की छवि को खराब करने की साजिश बताती हैं। इस बार भी चुनाव में कानून-व्यवस्था ज्वलंत मुद्दा है। यहां ईडी और एनआईए पर भी हमले हो चुके हैं।बंगाल में पार्टियां बदलीं, सरकार बदली, सियासी चेहरे बदले, पुलिस तंत्र भी बदलता गया, नहीं बदली तो बस कानून एवं व्यवस्था की बदतर हालत। समय के साथ पुलिस डिस्ट्रिक्ट के गठन हुए, कमिश्नरेट बने, दर्जनों थाने खुले, विभिन्न पुलिस प्रकोष्ठ के निर्माण हुए, ढेरों पद सृजित हुए, पुलिसकर्मियों को अत्याधुनिक हथियारों व उपकरणों से लैस किया गया, फिर भी कानून एवं व्यवस्था की स्थिति जस की तस है।

वाममोर्चा के 34 वर्षों के शासनकाल से लेकर वर्तमान में तृणमूल कांग्रेस के 15 वर्षों के राज तक बंगाल में कानून एवं व्यवस्था की बदहाली प्रत्येक चुनाव में बदस्तूर ज्वलंत मुद्दा बना हुआ है। इस विधानसभा चुनाव में भी इसकी गूंज सुनाई दे रही है।

भाजपा, कांग्रेस, वाममोर्चा से लेकर चुनावी मैदान में उतरे छोटे-बड़े सभी दल कानून एवं व्यवस्था की स्थिति को लेकर तृणमूल पर निशाना साध रहे हैं। दूसरी ओर राज्य की मुख्यमंत्री व तृणमूल सुप्रीमो ममता बनर्जी हर बार की तरह इसे विरोधी दलों की बंगाल की छवि बिगाड़ने की साजिश करार दे रही हैं।

वहीं, तृणमूल के नेता-कार्यकर्ता चुनाव प्रचार में कह रहे हैं कि राष्ट्रीय क्राइम रिकॉर्ड्स ब्यूरो ने कोलकाता को देश का सबसे सुरक्षित शहर करार दिया है। आखिर बंगाल में कानून एवं व्यवस्था ध्वस्त क्यों है? इसके जवाब में कानून विशेषज्ञ बृजेश गिरि बताते हैं कि बंगाल में दशकों से एक ट्रेंड चलता आ रहा है, वह यह है कि जब जिस पार्टी के हाथों में सत्ता होगी, पुलिस पर पूरी तरह से उसी का नियंत्रण होगा। पुलिस सत्ताधारी पार्टी की कैडर बनकर रह गई है। वाममोर्चा के जमाने में तो थाने में घुसकर पुलिस वालों को धमकाया जाता था। थाने में तोड़फोड़ की कई घटनाएं हो चुकी हैं।

बंगाल में विधानसभा चुनाव की तारीखों की घोषणा से काफी पहले केंद्रीय बल भेजा जाना और 294 सीटों वाले उत्तर प्रदेश से लगभग आधी सीटें होने पर भी बंगाल में वहां की तरह 2 चरणों में मतदान कराया जाना, इसका प्रत्यक्ष प्रमाण है कि चुनाव आयोग इस राज्य को लेकर कितना सतर्क है।

चुनाव की घोषणा से पहले बंगाल में तैयारियों का जायजा लेने कोलकाता आई चुनाव आयोग की पूर्ण पीठ ने राज्य के आला प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों को हिंसा-मुक्त चुनाव कराने का बेहद कड़ा निर्देश दिया है। मुख्य चुनाव आयुक्त ने तो यहां तक कहकर गए हैं कि पुलिस-प्रशासन ने अगर ठीक तरीके से अपना काम नहीं किया तो आयोग को काम करवाना आता है।

गौरतलब है कि बंगाल कानून को शर्मसार करने वाली घटनाओं की लंबी फेहरिस्त है । बंगाल में कानून-व्यवस्था की इससे लज्जाजनक तस्वीर और क्या होगी कि 2014 में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के निवास स्थल से कुछ दूरी पर स्थित अलीपुर थाने में तृणमूल नेता के हमले के दौरान वहां ड्यूटी कर रहे पुलिसकर्मी जान बचाने के लिए मेज के नीचे छिप गए थे। विरोधी दल लगातार कानून-व्यवस्था का मुद्दा उठाते आए हैं। पिछले कई राज्यपाल भी इसे लेकर सवाल करते आए हैं। बोगटूई में लोगों के घरों में ताला जड़कर आग लगाकर जिंदा जलाकर मार डाला गया।कृष्णागंज में तृणमूल विधायक सत्यजीत विश्वास और झालदा में कांग्रेस पार्षद तपन कांदू की सरेआम गोली मारकर हत्याकर दी गई थी।माकपा के युवा संगठन डीवाईएफआई के कार्यकर्ता अनीस खान के घर में पुलिस की वर्दी में घुसकर उन्हें छत से फेंककर हत्या कर दी गई।संदेशखाली में पुलिस की नाक के नीचे बड़ी संख्या में महिलाओं का यौन उत्पीड़न व ईडी की टीम पर हमला।पूर्व मेदिनीपुर जिले के भूपतिनगर में विस्फोट कांड की तफ्तीश के सिलसिले में गई एनआईए की टीम पर हमला 2021 के विधानसभा चुनाव के बाद हुई हिंसा व पिछले साल हुए पंचायत चुनाव में भारी रक्तपात इसकी वीभत्सता को और बढ़ाते हैं।

राज्यपाल डॉ. सीवी आनंद बोस तो पिछले साल पंचायत चुनाव के समय सड़क पर उतर गए थे। लोगों के बीच सुरक्षा की भावना पैदा करने को उन्होंने इस चुनाव में भी मतदान के दिनों में लोगों के बीच रहने की बात कही है। सियासी विश्लेषकों का कहना है कि बंगाल में भ्रष्टाचार की तरह कानून-व्यवस्था भी बड़ा मुद्दा है। राज्य में कई बार राष्ट्रपति शासन लागू करने की भी मांग उठ चुकी है।

जब तक पुलिस से सत्ताधारी पार्टी का नियंत्रण नहीं हटेगा, तब तक कानून-व्यवस्था की स्थिति में सुधार की उम्मीद करना बेमानी है। सत्ताधारी पार्टी और पुलिस के बीच स्पष्ट रेखा होनी चाहिए। पुलिस को निष्पक्ष व स्वतंत्र तरीके से काम करने की छूट देनी होगी।

इस बार भी भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) ने शांतिपूर्वक बंगाल चुनाव कराने के लिए केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों की तैनाती की है। चुनाव आयोग के अनुसार, पश्चिम बंगाल में मतगणना पूरी होने के बाद भी केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) की 500 कंपनियां कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए तैनात रहेंगी। चुनाव के बाद भी सीएपीएफ की कंपनियां बंगाल में तैनात रहेंगी। यह तैनाती ईसीआई के अगले आदेश तक जारी रहेगी।

बता दें कि भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) ने 15 मार्च को असम, केरल, पुडुचेरी, तमिलनाडु तथा पश्चिम बंगाल की विधानसभाओं के लिए आम चुनाव और गोवा, गुजरात, कर्नाटक, महाराष्ट्र, नागालैंड तथा त्रिपुरा के आठ विधानसभा क्षेत्रों के लिए उपचुनाव का कार्यक्रम घोषित किया था। इसके तहत असम, केरल, पुडुचेरी, गोवा, कर्नाटक, नागालैंड और त्रिपुरा में 9 अप्रैल तथा तमिलनाडु, गुजरात और महाराष्ट्र में 23 अप्रैल को वोट डाले जाएंगे। वहीं, पश्चिम बंगाल में दो चरणों में 23 अप्रैल और 29 अप्रैल को मतदान हो रहा है ।

जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 135बी के अनुसार, किसी भी व्यवसाय, व्यापार, औद्योगिक उपक्रम या किसी अन्य संस्था में कार्यरत प्रत्येक व्यक्ति, जिसे लोक सभा या राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों की विधानसभाओं के चुनाव या किसी संसदीय/विधानसभा क्षेत्र में उपचुनाव में मतदान का अधिकार प्राप्त है, उसे मतदान के दिन सवैतनिक अवकाश प्रदान किया जाएगा।

ऐसे सवैतनिक अवकाश के कारण किसी भी कर्मचारी के वेतन में कटौती नहीं की जाएगी। कोई भी नियोक्ता जो इन प्रावधानों का उल्लंघन करता है, उसे जुमार्ने का सामना करना पड़ेगा। सभी दैनिक वेतन भोगी और आकस्मिक मजदूरों को भी मतदान के दिन सवैतनिक अवकाश का अधिकार होगा।

आयोग ने यह भी स्पष्ट किया है कि ऐसे मतदाता (जिसमें आकस्मिक और दैनिक वेतन भोगी श्रमिक शामिल हैं) जो अपने निर्वाचन क्षेत्र के बाहर स्थित औद्योगिक या वाणिज्यिक संस्थानों में कार्यरत हैं, लेकिन मतदान होने वाले किसी निर्वाचन क्षेत्र में पंजीकृत हैं, उन्हें भी मतदान के दिन सवैतनिक अवकाश का लाभ मिलेगा, जिससे वे अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकें।

आयोग ने सभी राज्य और केंद्र शासित प्रदेश सरकारों को निर्देश दिया है कि वे सभी संबंधित अधिकारियों को इन प्रावधानों के सख्त पालन के लिए आवश्यक निर्देश जारी करें और यह सुनिश्चित करें कि सभी मतदाता अपने मताधिकार का स्वतंत्र और सुविधाजनक रूप से प्रयोग कर सकें। मुख्य चुनाव आयुक्त (CEC) ज्ञानेश कुमार ने राज्य के मुख्य सचिव, DGP (पुलिस महानिदेशक) और अन्य वरिष्ठ प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए हैं। उन्होंने यह सुनिश्चित करने को कहा है कि नागरिक बिना किसी डर के मतदान करें और चुनाव प्रक्रिया पूरी तरह से हिंसा, धमकी, प्रलोभन, छप्पा (फर्जी मतदान) और बूथ कैप्चरिंग से मुक्त हो। चुनाव के बाद राज्य में होने वाली हिंसा के इतिहास को ध्यान में रखते हुए ही आयोग ने 500 कंपनियों को चुनाव के बाद भी रोके रखने का महत्वपूर्ण फैसला लिया है।

2021 चुनाव के बाद हुई हिंसा पर NHRC की रिपोर्ट पर नजर डाले तो हम पाएंगे कि 2021 के विधानसभा चुनाव के बाद हुई हिंसा की राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (NHRC) की जांच रिपोर्ट में कई गंभीर तथ्य सामने आए थे। राज्य के DGP ने 2 मई 2021 से 20 जून 2021 के बीच हिंसा की 1,970 शिकायतों की जानकारी दी थी।29 हत्याएं, 12 यौन उत्पीड़न, 391 गंभीर चोट के मामले, 940 आगजनी/तोड़फोड़ और 562 आपराधिक धमकी के मामले।1,970 शिकायतों में से केवल 1,168 को FIR में बदला गया और कुल 9,304 आरोपियों में से सिर्फ 1,345 को गिरफ्तार किया गया।311 स्थानों पर की गई स्पॉट जांच में पाया गया कि 60% जगहों पर FIR दर्ज ही नहीं की गई थी।

चुनाव आयोग के एक अधिकारी ने स्पष्ट किया कि भले ही बंगाल में 6 मई को मतदान पूरा हो जाएगा, लेकिन चुनाव बाद की हिंसा का चुनाव से सीधा संबंध होता है, जो चुनाव आयोग को इसमें एक हितधारक बनाता है। नई सरकार बनने के बाद भी, बलों को वापस बुलाने के लिए राज्य को चुनाव आयोग या केंद्रीय गृह मंत्रालय को पत्र लिखना होगा, और क्योंकि तैनाती आयोग के अगले आदेश तक है, इसलिए मंत्रालय को भी एउ से मंजूरी लेनी होगी।

: चुनाव की घोषणा से पहले पश्चिम बंगाल सरकार ने 832 TMC नेताओं और 144 अन्य (TMC समर्थकों सहित) को सुरक्षा प्रदान करने के लिए 2,185 पुलिसकर्मियों को तैनात किया था। आयोग ने DGP को 2-3 दिनों के भीतर इसकी पेशेवर तरीके से समीक्षा करने और सभी राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों/समर्थकों के बीच सुरक्षाकर्मियों का समान वितरण करने का आदेश दिया है। खंडाघोष विधानसभा क्षेत्र के संयुक्त BDO और सहायक RO को TMC के लिए खुलेआम प्रचार करने के आरोप में चुनाव आयोग ने गुरुवार को निलंबित कर दिया और उनके खिलाफ कार्रवाई के आदेश दिए। आयोग के एक सूत्र ने बताया कि 27 अक्टूबर 2025 को राज्य में रक्कफ़शुरू होने से ठीक पहले पश्चिम बंगाल सरकार ने बड़े पैमाने पर 1,370 अधिकारियों का तबादला किया था। इसमें 97 IAS, 146 IPS, 1,080 पश्चिम बंगाल सिविल सेवा और 47 पश्चिम बंगाल पुलिस के अधिकारी शामिल थे।

# युद्ध विराम से पाषाण युग तक ट्रम्प के बदलते बयानों के मायने



-नरेंद्र तिवारी 'पत्रकार'

अब जबकि ईरान-इजरायल युद्ध ने अमेरिकी हस्तक्षेप के बाद एक माह पूर्ण कर लिया है। ट्रम्प के बयानों में आश्चर्यजनक बदलाव देखने को मिल रहे है। ईरान को पाषाण युग में पहुंचा दिए जाने संबंधी बयान अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के द्वारा देश की जनता को सम्बोधित करते हुए दिया गया बिल्कुल नया और आश्चर्यचकित कर देने वाला बयान है। इससे पूर्व उनके द्वारा युद्ध विराम की बात कही जा रही थी। ट्रम्प का बार-बार अपने बयानों से पलटना उनके अस्थिरप्रज्ञ होने की स्थिति को दशार्ता है। अस्थिरप्रज्ञ मतलब मन का स्थिर न होना। इजरायल ईरानी युद्ध में अमेरिकी हस्तक्षेप के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति के बयानों से उनकी मानसिक स्थिति का अनुमान लगाया जा सकता है। युद्ध ही क्यों अपने दूसरे कार्यकाल के आरम्भ से अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प हर दिन अपने बदलते बयानों के लिए चर्चा में रहे है। विश्व के ताकतवर देशों में शुमार अमेरिका के राष्ट्रपति के पद पर पदस्थ विश्व के सर्वोच्च नेता की अस्थिर प्रज्ञता सिर्फ अमेरिकी जनता के लिए ही नही पूरी दुनिया के लिए सोचने समझने और विचार करने की बात है। अमेरिकी राष्ट्रपति के दूसरे कार्यकाल के बाद से उनकी मानसिक स्थिति को लेकर प्रश्न खडे किये जा रहे है। ट्रम्प का टैरिफ हो या भारत की पाकिस्तान के विरुद्ध की गयी कार्यवाही, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के सुबह के दिए बयान से शाम को बदल जाने की आदत को दुनियाँ ने देखा। अब भारत में साधारण आदमी भी ट्रम्प के बदलते बयानों को लेकर उन्हें पलटूराम की संज्ञा से नवाजने लगा है।

अब सवाल यह है की ट्रम्प की इस मानसिक स्थिति का खामियाजा कहीं सारी दुनिया को तो नहीं उठाना पड़ रहा है? क्या ईरान को पाषाण युग में पहुंचाना इतना सरल है, जितना ट्रम्प सोच रहे है ? पाषाण युग की कल्पना अमेरिकी राष्ट्रपति के अंदर चल रही विध्वंसकारी सोच का बाहर आना है। यह सोच विश्व शांति की कल्पना के खिलाफ है। इस विध्वंसकारी सोच को साकार करना मतलब दुनिया में प्रलय को आंमत्रित करना है। अभी एक महिना चले युद्ध के असर ने दुनियाँ के देशों में हाहाकार और आवश्यक वस्तुओं का संकट पैदा कर दिया है। विश्व के देश शांति की मंगलकामना कर रहे है। किंतु ट्रम्प अमेरिकी नागरिकों को दिए अपने संदेश में ईरान को पाषाण युग में पहुंचाने की बात कर रहे है। इजरायल ईरान के चल रहे युद्ध में अमेरिकी हस्तक्षेप को दुनियाँ ने अनुचित बताया है। जब युद्ध शुरू होता है तो उस पर किसी का नियत्रण नहीं रहता है। यह बात रूस युक्रेन के युद्ध पर भी समान रूप से लागु होती है। जहां पुतिन की सोच के वितरित युद्ध लम्बा चला जिसमे रुसी ताकत को कमतर आकने पर मजबूर किया है। यही हाल ट्रम्प का हो रहा है। ट्रम्प सोच रहे थे, की उनके एक इशारे पर युद्ध शुरू होगा और दूसरे इशारे पर युद्ध विराम हो जाएगा। किंतु एक माह के युद्ध ने अमेरिकी राष्ट्रपति की छवि को धूमिल कर दिया है। युद्ध के एक सप्ताह बाद से ही युद्ध विराम का एक तरफा राग अलापने वाले ट्रम्प अब ईरान को अमेरिकी शर्तो पर युद्ध विराम नहीं करने पर पाषाण युग में पहुंचा देने की धमकी दे रहे है। उन्होंने उक्त बयान 2 अप्रेल 26 के अपने सम्बोधन में दिया है।

ट्रम्प की ईरान को पाषाण युग में पहुंचा देने की धमकी मानव सभ्यता के लिए विचारणीय प्रश्न है। परमाणु युग से पत्थर के युग में पहुंचाने का विचार एक अंहकारी और सनकी शासक की खीज के आलावा कुछ नही है। किंतु इस बयान के बाद पाषाण सभ्यता पर सरसरी निगाह दौड़ाई तो जाना की पाषाण सभ्यता प्रागैतिहासिक काल का वह आरम्भिक दौर है, जब मानव मुख्य रूप से पत्थर के औजारों का उपयोग करता था। यह युग लगभग 25-26 लाख वर्ष पूर्व से लेकर धातु (ताम्बा /काँसा ) के प्रयोग तक चला। ट्रम्प की यह धमकी स्वयं को सर्व शक्तिमान समझने की गलतफहमी के आलावा कुछ भी नही हो सकती है।

दुनियाँ जब प्रगति के नवीन आयामों को छू रही है, तब किसी देश को पाषाण युग में पहुंचाने का यह अंहकारी बयान युद्ध की विभीषिका को और बढ़ाने का संकेत है। ट्रम्प का यह मानसिक दिवालियापन विश्व शांति के लिए बड़ा खतरा है। अपने वजूद को कायम रखने की सनक इंसान को क्रूरतम फैसले लेने की हद तक ले जाती है। ट्रम्प का इजरायल-ईरान युद्ध में हस्तक्षेप के बाद दुश्मन देश से अपनी शर्तो पर युद्ध विराम का एक तरफा राग जिसे अब तक ईरान ने अनसुना किया है,अपितु इसे मानने से भी इंकार कर दिया। क्रोधित ट्रम्प ने ईरान को पाषाण युग में पहुंचाने की धमकी दे डाली।

अगरचे इस बात से इंकार नही किया जा सकता की अमेरिका की सामरिक ताकत का कोई मुकाबला नही है। अमेरिका का सैन्य बजट दुनिया में सबसे ज्यादा है, जो लगभग 886 अरब डालर का है। अमेरिकी सेना 11 परमाणु संचालित एयर क्राफ्ट कैरियर और 13 हजार से अधिक सैन्य विमान से सुसज्जित है। उसके पास लगभग 5200 परमाणु वारहेड है। 70 से अधिक देशो में सैन्य ठिकाने है। अमेरिका साइबर सुरक्षा, आर्टिफिशल इंटलीजेंस और स्पेस रिसर्च में सबसे आगे है। दुनिया की सबसे बड़ी आर्थिक शक्ति है जिसका सकल घरेलू उत्पाद (ऋछ्ढ) लगभग 26 ट्रिलियन डालर का है। दुनिया की सबसे बड़ी सामरिक ताकत होने के कारण ट्रम्प द्वारा दिए बयानों को हल्के में भी नहीं लिया जा सकता है।

कुलमिलाकर विश्व के शक्तिशाली देश के नेता को नवनिर्माण और प्रगति के संदेश देना चाहिए। शांति का नोबेल पाने की चाह रखने वाले विश्व के सबसे ताकतवर देश के राष्ट्रपति को तो विश्व शांति के प्रयासों पर बल देना चाहिए। दुनियाँ का अस्तित्व शांति से कायम रह सकता है। ईरान को पाषाण युग में पहुंचाने का ट्रम्प का विचार हिंसक और विकास विरोधी है। इसकी पुरजोर आलोचना दुनिया के देशों को करना चाहिए। विश्व के देशों को अमेरिका, इजरायल विरुद्ध ईरानी युद्ध में शांति के जोरदार प्रयासों को अंजाम देकर दुनियाँ को विध्वंसकारी विचारों से बचाने की पुरजोर कोशिश करना चाहिए।

# अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने में अब इंडस्ट्री को आगे आना होगा



MSME पार्टनर्स को सहारा देना और नौकरियों में स्थिरता बनाए रखना, ये कुछ ऐसे कदम हैं जो इंडस्ट्री मौजूदा संकट के दौर में उठा सकती है।

पश्चिम एशिया में चल रहे संकट ने हमें एक बार फिर आज की वैश्विक अर्थव्यवस्था की एक खास बात याद दिला दी हैः झटके अब कोई दुर्लभ घटनाएँ नहीं रह गए हैं। वे अक्सर आते हैं, उनके कई पहलू होते हैं और वे अक्सर एक साथ आते हैं।

इस संदर्भ में, मौजूदा संकट पर भारत की प्रतिक्रिया समय पर और भरोसा दिलाने वाली रही है। सरकार ने हालात को स्थिर करने के लिए तेजी से कदम उठाए हैं, जिसमें ऊर्जा की उपलब्धता सुनिश्चित करना, निर्यात को बढ़ावा देना, सप्लाई चेन को बनाए रखना और कमजोर परिवारों की सुरक्षा करना शामिल है।

हालाँकि, सरकारी नीतियाँ भी एक हद तक ही काम कर सकती हैं। प्रतिक्रिया का अगला चरण खुद इंडस्ट्री की तरफ से आना चाहिए।

इंडस्ट्री की पहली ज़िम्मेदारी कीमतों में स्थिरता बनाए रखना है। जब सरकार ईंधन की कीमतों और लॉजिस्टिक्स के दबाव को कम करने के लिए कदम उठाती है, तो इससे कंपनियों को यह मौका मिलता है कि वे इन फायदों को पूरी वैल्यू चेन में आगे पहुँचा सकें। ऐसा करना न केवल उपभोक्ताओं के लिए सही है, बल्कि इससे महंगाई की उम्मीदों को काबू में रखने और मांग को बनाए रखने में भी मदद मिलती है।

रोजी-रोटी की सुरक्षा करना भी उतना ही जरूरी है। मौजूदा रुकावट बाहरी कारणों से है और कई मामलों में यह अस्थायी है। इसे स्थायी तौर पर नौकरियों के नुकसान में नहीं बदलना चाहिए। जो कंपनियाँ अपनी आंतरिक कार्यक्षमता और परिचालन लचीलेपन के जरिए लागत को नियंत्रित कर पाती हैं, वे रोजगार में स्थिरता बनाए रखने में अहम भूमिका निभा सकती हैं। यह उन श्रम-प्रधान क्षेत्रों में खास तौर पर जरूरी है, जहाँ नौकरियों के नुकसान के दूरगामी और तत्काल असर होते हैं। तीसरा क्षेत्र टरटए पार्टनर्स को सहारा देना है। छोटे उद्यम अक्सर सीमित संसाधनों के साथ काम करते हैं और नकदी के प्रवाह तथा लॉजिस्टिक्स में रुकावटों के प्रति ज्यादा संवेदनशील होते हैं। समय पर भुगतान, बेहतर ऋण शर्तें और बड़ी कंपनियों से मिलने वाले ऑर्डरों के बारे में ज्यादा स्पष्ट जानकारी पूरी सप्लाई चेन को बनाए रखने में मदद कर सकती है।

इस संकट ने सप्लाई चेन को और ज्यादा मजबूत बनाने की जरूरत को भी उजागर किया है। सोर्सिंग की रणनीतियों में विविधता लाना, वैकल्पिक रास्ते बनाना और जरूरी चीजों के लिए सोच-समझकर भंडार बनाए रखना अब केवल वैकल्पिक रणनीतियाँ नहीं रह गई हैं। इससे ही जुड़ी एक और जरूरत है - रणनीतिक भंडार बनाना। पारंपरिक रूप से, जरूरी चीजों का भंडार बनाना सार्वजनिक क्षेत्र का काम माना जाता रहा है। इस सोच में अब बदलाव लाने की जरूरत है। इंडस्ट्री के पास जरूरी चीजों, ईंधन और मध्यवर्ती उत्पादों के लिए एक विकेंद्रित भंडार प्रणाली बनाने में हिस्सा लेने की क्षमता और प्रोत्साहन, दोनों मौजूद हैं। एक

छोटी इकाइयाँः समय पर भुगतान बहुत जरूरी है

सहयोगात्मक मॉडल, जिसमें सरकार और इंडस्ट्री आपस में जानकारी और बुनियादी ढाँचा साझा करते हैं, देश की तैयारी को काफी हद तक बढ़ा सकता है। ऊर्जा लचीलापन एक और ऐसा क्षेत्र है जहाँ उद्योग की कार्रवाई निर्णायक होगी। नवीकरणीय ऊर्जा में निवेश को तेज करना, औद्योगिक ऊर्जा दक्षता में सुधार करना और ग्रीन हाइड्रोजन जैसे व्यवहार्य विकल्पों की खोज करना न केवल समय के साथ लागत कम करेगा, बल्कि दीर्घकालिक प्रतिस्पर्धात्मकता को भी मजबूत करेगा। जहाँ संभव हो, छढक्ष् से प्राकृतिक गैस की ओर धीरे-धीरे बदलाव और प्रक्रियाओं का अधिक विद्युतीकरण स्थिरता को और बेहतर बना सकता है।

यहाँ तक कि छोटे परिचालन निर्णय भी मिलकर बड़ा प्रभाव डाल सकते हैं। जो व्यवसाय बड़ी रसोई और संस्थागत सुविधाएँ संचालित करते हैं, वे अधिक ऊर्जा-कुशल खाना पकाने की प्रणालियाँ अपना सकते हैं, वैकल्पिक ईंधनों की खोज कर सकते हैं और खपत के तरीकों को अनुकूलित कर सकते हैं। ये बदलाव भले ही छोटे लगें, लेकिन बड़े पैमाने पर, वे राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण में सार्थक योगदान देते हैं। साथ ही, कंपनियों को अपने आंतरिक जोखिम प्रबंधन ढाँचों को मजबूत करना चाहिए। इसमें बेहतर बीमा कवरेज, अधिक सुदृढ़ लॉजिस्टिक्स योजना, अनुशासित प्राप्य प्रबंधन और विवेकपूर्ण विदेशी मुद्रा प्रथाएँ शामिल हैं। इस बदलाव में प्रौद्योगिकी की भूमिका उत्तरोत्तर महत्त्वपूर्ण होती जाएगी। डेटा प्रणालियों, आपूर्ति श्रृंखला दृश्यता उपकरणों और वास्तविक समय की निगरानी में निवेश कंपनियों को व्यवधानों पर अधिक तेजी से और प्रभावी ढंग से प्रतिक्रिया देने में मदद कर सकता है। डिजिटल क्षमताएँ किसी झटके और उसके अनुरूप व्यावसायिक प्रतिक्रिया के बीच के अंतराल को काफी हद तक कम कर सकती हैं। अंत में, उद्योग और सरकार के बीच निरंतर और रचनात्मक जुड़ाव की आवश्यकता है। बाधाओं, कमियों और उभरते जोखिमों पर वास्तविक समय की प्रतिक्रिया अधिक उत्तरदायी नीतिगत हस्तक्षेपों को आकार देने में मदद कर सकती है। यह दो-तरफा संचार यह सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक है कि नीतिगत उपाय जमीनी वास्तविकताओं के अनुरूप बने रहें।

## होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया ने वित्त वर्ष 2026 में 63.69 लाख यूनिट्स की बिक्री दर्ज की

पटना : होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया ने मार्च 2026 में कुल 549145 यूनिट्स की बिक्री दर्ज की, जो मार्च 2025 के मुकाबले 29 प्रतिशत की मजबूत वृद्धि दशार्ती है। इस अवधि में 512303 यूनिट्स की घरेलू बिक्री और 36842 यूनिट्स का निर्यात शामिल है। मार्च के इस प्रदर्शन ने एचएमएसआई को वित्त वर्ष 2026 (अप्रैल 2025 झ मार्च 2026) को मजबूत स्तर पर समाप्त करने में मदद की। कंपनी ने कुल 6369504 यूनिट्स की बिक्री दर्ज की, जिसमें 5749275 यूनिट्स की घरेलू बिक्री और 620229 यूनिट्स का निर्यात शामिल है। कंपनी ने वित्त वर्ष 2025 की तुलना में वित्त वर्ष 2026 में 9 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की जो ग्राहकों की लगातार मांग, बेहतर होते बाजार माहौल और प्रमुख सेगमेंट्स में अपनी मौजूदगी मजबूत करने पर एचएमएसआई के निरंतर फोकस को दशार्ता है।

## मुंबई के ऑर्केस्ट्रा लेडीज बार की लड़कियों से कराया जा रहा था देह व्यापार, महिला एजेंट गिरफ्तार

मीरा-भायंदर (उत्तरशक्ति)। महाराष्ट्र के ठाणे शहर पुलिस आयुक्तालय के अंतर्गत अनैतिक मानव तस्करी निरोधक कक्ष को एक एनजीओ के माध्यम से सूचना प्राप्त हुई, जिसके आधार पर क्राइम ब्रांच टीम ने कार्रवाई की। कासर वडवली पुलिस स्टेशन की हद में घोड़बंदर रोड स्थित आनंद नगर सिग्नल के पास एक होटल के नजदीक पुलिस ने बोगस ग्राहक और पंचों की मदद से छापा मारा। इस कार्रवाई में एक महिला एजेंट को हिरासत में लिया गया। पुलिस ने आरोपी महिला के चंगुल से ऑर्केस्ट्रा बार में काम करने वाली दो लड़कियों को देह व्यापार के दलदल से मुक्त कराया। जांच में सामने आया है कि आरोपी महिला एजेंट ग्राहकों को मुंबई के ऑर्केस्ट्रा बार में काम करने वाली लड़कियों की तस्वीरें भेजकर पिछले कई महीनों से उन्हें सप्लाई कर रही थी।

क्राइम ब्रांच अब यह जांच कर रही है कि इस रैकेट में और कौन-कौन लोग शामिल हैं तथा कितनी अन्य लड़कियों को इस गिरोह के माध्यम से देह व्यापार में धकेला गया है। पुलिस ने गिरफ्तार महिला एजेंट के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता और पीटा एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है। वहीं, रेस्क्यू की गई दोनों पीड़ित लड़कियों को सुरक्षित महिला सुधारगृह भेजने की प्रक्रिया जारी है। यह पूरी कार्रवाई ठाणे पुलिस आयुक्तालय के वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में एएचटीसी क्राइम ब्रांच टीम द्वारा की गई।

# वडाला विधानसभा से कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राकेश पांडेय को मातृ शोक

मुंबई(उत्तरशक्ति)। वडाला के वरिष्ठ समाजसेवी राकेश पांडेय व दिनेश पांडेय की माता सत्यावती रामबली पांडेय का आकस्मिक निधन पर नवी मुंबई कामोठे सेक्टर 21उनके निवास स्थान रेगालिया में पांडेय की तरफ से एक शोक सभा और भजन संध्या का आयोजन किया गया। इस अवसर शिवसेना(शिंदे) के राष्ट्रीय महासचिव और पूर्व सांसद राहुल रमेश शेवाले ने उनकी तस्वीर पर माल्यार्पण कर उनकी आत्मा को शांति के लिए ईश्वर के चरणों में प्रार्थना की।महाराष्ट्र काँग्रेस के उपाध्यक्ष जाकीर अहमद, नगरसेविका साक्षी अनिल कनोजिया, मुंबई कॉंग्रेस के उपाध्यक्ष



वीरेंद्र उपाध्याय, विजय कांबले ट्रान्सपोर्ट वर्कर्स युनियन के कामगार नेता आर एम मूर्ती,बापू घाडीगावकर सुप्रीम कोर्ट एडवोकेट अरुण त्रिपाठी चार्टड अकाउंटेंट तरुण त्रिपाठी भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता संतोष पांडेय, राजेश रस्तोगी डीडी त्रिपाठी वरली मंदिर के महंतजी शिवसेना(शिंदे) के मुंबई व्यापार समन्वयक लक्ष्मण कोठारी, संदीप शुक्ला, संजय ओझा, भरत सिंह, सुरेश मिश्रा, मंगल सिंह, आरटीआय कार्यकर्ता अनिल गलगली, महाराष्ट्र प्रदेश भाजपा प्रवक्ता संजय ठाकूर, श्री सिद्धिविनायक मंदिर के भूत पूर्व ट्रस्टी उदय प्रताप सिंह, उद्योगपती व समाजसेवी मुन्ना पांडेय, कांती ओझा, फुलचंद ओझा, रमेश ओझा,वरिष्ठ कॉंग्रेस नेता नितीन मोहिते, अकरम खान, पुष्पेन्द्र सिंह, शिवसेना नेता गणेश पाटील, धर्मेंद्र पाठक, राधेश्याम गुप्ता , कॉंग्रेस नेता मोहन सिंह सैनी, समाजसेवक उमेश पांडेय के अलावा मुंबई और नई मुंबई के सैकड़ों राजनीतिक और सामाजिक क्षेत्र गणमान्य लोगों ने स्वर्गीय सत्यावती रामबली पांडेय की तस्वीर पर गुलाब के फूलों की पंखुडियां अर्पित कर उन्हें भाव-पूर्ण श्रद्धांजलि दी। भजन गायक सुनिल दुबे ने एक से बढ़कर एक भक्ति गीत प्रस्तुत कर सम्पूर्ण वातावरण भक्तिमय कर दिया।अपनी ममतामयी माँ का सबसे पसंदीदा भक्ति गीत ए मालिक तेरे बंदे हम राकेश पांडेय और पांडेय परिवार ने सामूहिक रूप से प्रस्तुत कर उन्हें भाव-पूर्ण श्रद्धांजलि दी। श्रद्धांजलि सभा के समापन पर राकेश पांडेय ने आगंतुक सभी लोगों का दिल से आभार व्यक्त किया।

## केवट निषादराज जयंती समारोह का भव्य आयोजन 5 अप्रैल को




मुंबई(उत्तरशक्ति)। केवट सामाजिक सेवा फाउंडेशन द्वारा केवट निषादराज जयंती समारोह का भव्य आयोजन 5 अप्रैल 2026 रविवार को किया जायेगा। यह आयोजन केवट निवास, चुंगी चौराहा, मछलीशहर, जौनपुर में सुबह 11 बजे से रात 8 बजे तक होगा। इस भव्य कार्यक्रम में क्षेत्रीय व राष्ट्रीय स्तर के गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति रहेगी।

इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जल संसाधन मंत्री, भारत सरकार, राज भूषण निषाद, समारोह में उपस्थित होंगे। वहीं, विशिष्ट अतिथि के रूप में सांसद डॉ. विनोद कुमार सिंह और पूर्व आईएएस अधिकारी/सचिव, भारत सरकार, लेखक बसंत कुमार भी कार्यक्रम में अपनी उपस्थिति देंगे। समारोह में विशेष रूप से कॉमेडियन मुत्तन दादा और उमेश निषाद अपनी कलाकारी से दर्शकों का मनोरंजन करेंगे। कार्यक्रम के आयोजक, केवट सामाजिक सेवा फाउंडेशन के संस्थापक और अध्यक्ष तुलसीराम केवट ने सभी से इस ऐतिहासिक अवसर पर कार्यक्रम में भाग लेने का आग्रह किया है। इस कार्यक्रम के माध्यम से केवट समुदाय के गौरव को मान्यता दी जाएगी और समाज के सामाजिक उत्थान के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए जायेंगे। कार्यक्रम से संबंधित अधिक जानकारी प्राप्त करने हेतु सूरज केवट के मोबाइल नंबर 9415713559 पर संपर्क किया जा सकता है।

## डोंबिवली में नाबालिग से दुष्कर्म का मामला, नाबालिग हुई गर्भवती

### आरोपी के खिलाफ केस दर्ज, गिरफ्तार नही

डोंबिवली (उत्तरशक्ति)। डोंबिवली के मानपाड़ा पुलिस थाना क्षेत्र में एक गंभीर मामला सामने आया है, जहां एक युवक पर नाबालिग लड़की को शादी का झांसा देकर उसके साथ बार-बार शारीरिक संबंध बनाने का आरोप लगा है। इस घटना में पीड़िता के गर्भवती होने के बाद मामला उजागर हुआ। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, पीड़िता की मां ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत में बताया गया कि आरोपी ने 17 साल 10 महीने की नाबालिग को अपने विश्वास में लेकर शादी का वादा किया। इसके बाद उसने कई बार उसके साथ



संबंध बनाए। कुछ दिनों बाद लड़की की तबीयत खराब होने पर जांच कराई गई, जिसमें उसके गर्भवती होने की पुष्टि हुई। फिलहाल पीड़िता करीब 5 से 6 हफ्ते की गर्भवती है और अस्पताल में उसका इलाज जारी है। शिकायत मिलते ही मानपाड़ा पुलिस ने बीएनएस 2023 और पॉक्सो एक्ट की संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है। मामले की जांच पुलिस उपनिरीक्षक प्रियंका सादलकर कर रही हैं।

आरोपी गिरफ्तार नहीं किया गया है। वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक संदीपान शिंदे, पुलिस निरीक्षक राजपूत, पुलिस उपनिरीक्षक प्रियंका सादलकर और महिला सहायक पुलिस निरीक्षक रूपाली करकंडे आदि की टीम ने मामले की गंभीरता को देखते हुए सभी कानूनी पहलुओं पर तेजी से कार्रवाई की जा रही है।

## हनुमान जयंती के उपलक्ष्य में भजन कीर्तन



कल्याण (उत्तरशक्ति)। पूर्व के पत्रीपुल स्थित श्रीकृष्ण नगर की हनुमान मंदिर में हनुमान जयंती बड़े धूमधाम और भक्तिमय वातावरण में मनाई गई। हनुमान जयंती के उपलक्ष्य में धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ। दिनभर भजन-कीर्तन पूजापाठ और आरती की गई। जयंती के मौके पर हनुमान मंदिर में दर्शन हेतु श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही है। इस अवसर पर आयोजन कमिटी की ओर से भक्तों को प्रसाद वितरण किया गया। इस धार्मिक कार्यक्रम के आयोजन में सुभाष वर्मा, प्रकाश चौधरी, बंटी तिवारी, वेदप्रकाश उर्फ मामा लालजी वर्मा, घनश्याम वर्मा, राजू पांडेय, इम्तियाज खान, अमित गुप्ता, संदीप गुप्ता, अंकित तिवारी, विवेक शुक्ला एवं अन्य ने अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया।

## भिवंडी में मतदाता सूची मैपिंग प्रक्रिया में भिवंडी वासियों को शामिल होने के लिए मनपा आयुक्त अनमोल सागर का आह्वान

-आचार्य सूरजपाल यादव

भिवंडी । भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार राज्य में आगामी विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम की तैयारी शुरू हो चुकी है। इसी के तहत ठाणे जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों में मतदाताओं का वर्ष 2002 की मतदाता सूची से मैपिंग करने का कार्य तेजी से चल रहा है। भिवंडी (पश्चिम) विधानसभा क्षेत्र 136 और भिवंडी (पूर्व) विधानसभा क्षेत्र 137 के अंतर्गत महानगरपालिका क्षेत्र के नागरिकों से इस प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी करने की अपील भिवंडी-निजामपुर महानगरपालिका आयुक्त अनमोल सागर (भा.प्र.से.) ने की है। इस मैपिंग प्रक्रिया वर्ष 2002 में अंतिम बार व्यापक पुनरीक्षण किया गया था। अब वर्तमान मतदाता सूची को 2002 की सूची से जोड़ा जा रहा है। यह प्रक्रिया दो प्रकार से की जा सकती है—1-पर्सन टू पर्सन मैपिंगः जिन मतदाताओं का नाम 2002 की सूची में पहले से है, वे सीधे अपने नाम का मिलान कर सकते हैं।2- प्रोजेनी मैपिंगः जिन युवाओं का नाम 2002 में नहीं था, वे अपने माता-पिता या दादा-दादी के नाम के आधार पर अपना नाम लिंक कर सकते हैं। 2002 का विवरण खोजने की मैपिंग के लिए मतदाताओं को परिवार के किसी सदस्य का 2002 की सूची में पार्ट नंबर और क्रमांक जानना जरूरी है। इसके लिए भारत निर्वाचन आयोग की आधिकारिक वेबसाइट https://voters.eci.gov.in पर जाकर 2002 की मतदाता सूची की PDF फाइल में विवरण खोजा जा सकता है। इसके लिए नागरिक पहले ऑनलाइन पोर्टल से अपना या अपने पूर्वजों का 2002 का विवरण प्राप्त करें। इसके बाद संबंधित मतदान केंद्र स्तर अधिकारी से संपर्क कर मैपिंग की प्रक्रिया पूरी करें। साथ ही प्रभाग समिति 1 से 5 के सहायक मतदाता नोंदणी अधिकारी या उपविभागीय अधिकारी/तहसीलदार कार्यालय से संपर्क कर अपने परिवार की मैपिंग सुनिश्चित करें। आयुक्त अनमोल सागर ने कहा कि मतदाता सूची को पारदर्शी और त्रुटिरहित बनाने के लिए यह प्रक्रिया अत्यंत महत्वपूर्ण है, इसलिए सभी नागरिक प्रशासन को सहयोग करें और अपने बीएलओ से संपर्क कर प्रक्रिया पूर्ण करें।

## डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर की 135वीं जयंती पर 90 फीट लंबा होर्डिंग लगाया गया



भिवंडी । भारतीय संविधान के शिल्पकार भारतरत्न डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर की 14 अप्रैल को मनाई जाने वाली 135वीं जयंती के अवसर पर भिवंडी में भीम अनुयायियों द्वारा जोरदार तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। इसी कड़ी में भिवंडी शहर के पास स्थित शेलार ग्राम पंचायत क्षेत्र में हम शेलारकर समूह की ओर से डॉ. आंबेडकर के जीवन और उनके सामाजिक-राजनीतिक योगदान पर आधारित 90 फीट लंबे होर्डिंग का भव्य अनावरण किया गया। इस होर्डिंग का अनावरण विधायक महेश चौघुले के हाथों ढोल-ताशों की गूंज, आतिशबाजी और उत्साहपूर्ण माहौल में किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भीम अनुयायी और स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। इस आयोजन के माध्यम से डॉ. आंबेडकर के विचारों और उनके संघर्षपूर्ण जीवन से प्रेरणा लेने का संदेश दिया गया, साथ ही जयंती को लेकर क्षेत्र में उत्साह का माहौल देखने को मिल रहा है।

## भिवंडी में बिल्डर के खिलाफ किसानों का प्रदर्शन, अवैध निर्माण हटाने की मांग



भिवंडी । भिवंडी तालुका के मौजे पिंपळनेर गांव में जमीन विवाद को लेकर किसानों का आक्रोश सामने आया है। यहां सर्वे नंबर 65 की निजी व सरकारी जमीन पर हभूमि वर्ल्डह नामक डेवलपर संस्था के मालिक प्रकाश पटेल द्वारा कथित रूप से अतिक्रमण कर निर्माण किए जाने के विरोध में स्थानीय किसानों ने गुरुवार (2) को उपविभागीय अधिकारी (एसडीओ) कार्यालय के सामने जोरदार प्रदर्शन किया। किसानों का आरोप है कि पिछले दो-तीन वर्षों से वे इस अवैध निर्माण को हटाने के लिए लगातार संघर्ष कर रहे हैं, लेकिन अब तक प्रशासन की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। प्रदर्शनकारियों ने प्रशासन पर बिल्डर का पक्ष लेने और न्यायालय के आदेशों की अनदेखी करने का भी आरोप लगाया। बताया गया कि एमएमआरडीए क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले पिंपळनेर (सजा गोवे) स्थित इस जमीन की दो बार सरकारी नाप जोख (मापन) हो चुकी है और सीमाएं तय की जा चुकी हैं। इसके बावजूद भिवंडी सिविल कोर्ट द्वारा दिए गए ह्यजैसे थेह्न (स्टेटस क्वो) आदेश का पालन नहीं किया जा रहा है। स्थानीय किसान महिला अनिता चौधरी ने आरोप लगाया कि बिल्डर द्वारा न केवल जमीन पर अतिक्रमण किया जा रहा है, बल्कि किसानों के खेतों तक जाने वाले सरकारी रास्तों को भी अवरुद्ध किया जा रहा है, जिससे किसानों की जमीन हड़पने की साजिश की जा रही है। किसानों ने प्रशासन से तत्काल अवैध निर्माण हटाने और न्याय दिलाने की मांग

## गुंडो ने किया युवक पर चॉपर से हमला , हत्या की कोशिश

### कोलसेवाडी पुलिस थाने में मामला दर्ज, एक गुंडा गिरफ्तार

कल्याण। कोलसेवाडी थाना क्षेत्र में देर रात एक सनसनीखेज घटना सामने आई, जहां कुछ गुंडों ने मिलकर चॉपर से हमला कर एक युवक की हत्या करने की कोशिश की। इस हमले में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया है, जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

पुलिस के अनुसार, यह घटना 3 अप्रैल की रात करीब 1 बजे हरीभाऊ पावशे पाडा, साईबाबा नगर इलाके में क्रिश बार के पास हुई। शिकायतकर्ता रोहन पावशे अपने परिजनों और दोस्तों के साथ खड़े होकर बातचीत कर रहे थे, तभी साहिल म्हात्रे, रितेश कांबले, सुजल म्हात्रे और एक अन्य साथी गुंडे वहां पहुंचे।

आरोप है कि पहले गुंडो ने गाली-गलौज की और रोहन के चचेरे भाई के साथ मारपीट शुरू कर दी। बीच-बचाव करने पहुंचे लोगों को भी गुंडो ने नहीं छोड़ा। इसी दौरान आरोपी साहिल म्हात्रे ने चॉपर निकालकर सबको खत्म कर दूंगा कहते हुए हमला कर दिया। हमले में सर्वेश वायल नाम का युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे कल्याण के फोर्टिस अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं शिकायतकर्ता के हाथ पर भी चोट आई है। हमले के बाद गुंडो ने दो चॉपर लहराते हुए इलाके में दहशत फैलाकर मौके से फरार हो गए। कोलसेवाड़ी पुलिस ने इस मामले में विभिन्न धाराओं के तहत हत्या के प्रयास सहित अन्य गंभीर आरोपों में केस दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक, मुख्य आरोपी पर पहले से भी गंभीर मामले दर्ज हैं। फिलहाल एक आरोपी रितेश कांबले गिरफ्तार है, बाकी फरार हैं और उनकी तलाश जारी है। पुलिस ने कहा है कि जल्द ही उनको भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा और मामले की जांच तेजी से की जा रही है।

## बीएमसी शिक्षक वेदप्रकाश शुक्ल का सेवा संपूर्ति सम्मान समारोह संपन्न



मुंबई। बृहन्मुंबई महानगर पालिका शिक्षण विभाग द्वारा संचालित एमपीएस हिंदी शाला हनुमान नगर, कांदिवली पूर्व के आदर्श शिक्षक वेद प्रकाश काशीनाथ शुक्ल का 30 मार्च को शाला सभागार में विदाई समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व उप शिक्षणाशिकारी अशोक मिश्र ने की। कार्यक्रम में प्रमुख अतिथि के रूप में श्री सिद्धिविनायक मंदिर ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष आचार्य पवन त्रिपाठी उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में नगरसेविका पुष्पा रमेश कलंबे, पूर्व नगरसेविका सुरेखा रमेश पाटिल, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के रीजनल मैनेजर सुनील उपाध्याय, उद्योगपति एसपी दुबे, इंद्रजीत उपाध्याय तथा सम्मानित अतिथि के रूप में प्रमोद मिश्र, विभाग प्रमुख वैभव भरडकर, प्रधानाध्यापक शिवशंकर तिवारी,कवि राम सिंह, बजरंगलाल यादव, प्रधानाध्यापक राकेश पांडेय, समाजसेवी शिवदत्त दुबे उपस्थित रहे। प्रमुख वक्ता के रूप में पूर्व प्रधानाध्यापक रामाशंकर यादव, महापौर पुरस्कृत ईश्वरदेव पाल, डॉ धर्मेंद्र मिश्रा, राजीव त्रिपाठी, श्याम नंदन यादव, लव कुमार मिश्र, अशोक सिंह तथा जितेंद्र तिवारी ने सत्कार मूर्ति के बारे में अपने विचार व्यक्त किए। विद्यालय परिवार द्वारा वेद प्रकाश शुक्ल के साथ-साथ उनकी धर्मपत्नी उर्मिला देवी का भी सम्मान किया गया। समारोह में श्री शुक्ल की बेटियां खुशबू शुक्ला और प्रिया दुबे के अलावा उनकी बहु रीना शुक्ला उपस्थिति रहीं। कार्यक्रम का सुंदर संचालन राज्य पुरस्कृत पूर्व प्रधानाध्यापक ब्रह्मदेव मिश्र ने किया। संगीत बिसारद राजेश सिंह ने मधुर गीत प्रस्तुत किए। अंत में प्रधानाध्यापिका जान्हवी संखे ने समस्त लोगों के प्रति आभार व्यक्त वेदप्रकाश के पुत्र उत्तम शुक्ल और अनुपम शुक्ल ने आए हुए अतिथियों का स्वागत और सम्मान किया।

## भाजपा प्रदेशाध्यक्ष रविंद्र चव्हाण की उपस्थित में पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण अभियान



डोंबिवली (उत्तरशक्ति)। भाजपा की ओर से देशभर में पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत डोंबिवली पूर्व में भाजपा पदाधिकारियों की प्रशिक्षण कार्यशाला संपन्न हुई। प्रदेशाध्यक्ष रविंद्र चव्हाण ने इस कार्यशाला में उपस्थित रहकर पदाधिकारियों से संवाद किया। राष्ट्रहित सर्वोपरि मानते हुए समर्पित भावना के साथ भाजपा परिवार का प्रत्येक कार्यकर्ता कार्यरत रहता है। इस पहल से कार्यकताओं को नई ऊर्जा मिल रही है, और भाजपा परिवार अधिक सशक्त हो रहा है, ऐसा मत इस अवसर पर व्यक्त किया गया। कार्यशाला में भाजपा कल्याण जिला अध्यक्ष नंदू परब, पूर्व जिला अध्यक्ष नरेंद्र सूर्यवंशी, कल्याण-डोंबिवली महानगरपालिका के गुटनेता शशिकांत कांबले, नगरसेवक दिपेश म्हात्रे तथा डोंबिवली पश्चिम मंडल अध्यक्ष प्रिया जोशी सहित अन्य पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं नगरसेवक उपस्थित थे।

## सांस्कृतिक मंत्री आशिष शेलार का घाटकोपर में भव्य सत्कार



मुंबई। राज्य के कला एवं सांस्कृतिक मंत्री आशिष शेलार ने हाल ही में यूनेस्को में डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर की प्रतिमा पर भेट देकर अभिवादन किया। उनके इस सराहनीय कदम का घाटकोपर (पूर्व) क्षेत्र में उत्साहपूर्वक स्वागत किया गया। माता रमाबाई आंबेडकर नगर स्थित शहीद स्मारक समिति की ओर से मंत्री आशिष शेलार का विशेष सत्कार किया गया। समिति के अध्यक्ष अशोक हिरे, सरचिटणीस आनंद शिंदेकर, चिटणीस राजाभाऊ गांगुर्डे तथा उपाध्यक्ष मंगेश पगारे ने उन्हें डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर की छोटी प्रतिमा, पुष्पगुच्छ और शाल भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा, मुंबई की अध्यक्ष योजनाताई ठोकळे की भी प्रमुख उपस्थिति रही। कार्यक्रम में उपस्थित मान्यवरों ने डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर के विचारों का गौरव करते हुए उनके महान कार्यों का स्मरण किया।

## पीएनबी 5 अप्रैल को PNB Soldierathon 2026 हाफ मैराथन के द्वितीय संस्करण का शुभारंभ करेगा

मुंबई। पंजाब नैशनल बैंक (पीएनबी), भारत का अग्रणी सार्वजनिक क्षेत्र का बैंक, 5 अप्रैल को प्रातः 5 बजे जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम, नई दिल्ली अपने प्रमुख हाफ मैराथन"PNB Soldierathon 2026 – Run With Soldiers, Run For Soldiers" के द्वितीय संस्करण का शुभारंभ करेगा। इस आयोजन को अभूतपूर्व प्रतिक्रिया मिली है, जिसमें 26,000 से अधिक पंजीकरण दर्ज किए गए हैं। दिल्ली चरण में 21.1 किमी (हाफ मैराथन), 10 किमी और 5 किमी की दौड़ श्रेणियां शामिल होंगी, जो विभिन्न फिटनेस स्तरों के प्रतिभागियों के लिए उपयुक्त हैं तथा समावेशिता को बढ़ावा देती हैं। इस आयोजन के लिए कुल 19.5 लाख की पुरस्कार राशि निर्धारित की गई है। प्रतिभागियों की सुगम भागीदारी सुनिश्चित करने हेतु दिल्ली मेट्रो की विशेष सेवाएं प्रातः 3:00 बजे से




येलो, ब्लू एवं वायलेट लाइनों पर संचालित की जाएंगी, जिससे धावक 5:00 बजे के फ्लैग-ऑफ से पूर्व सुविधापूर्वक आयोजन स्थल तक पहुंच सकें। इसके अतिरिक्त, अपना बिब पहनने वाले प्रतिभागियों को एक बार आने-जाने के लिए निःशुल्क मेट्रो यात्रा की सुविधा भी प्रदान की जाएगी।

बिब वितरण को सुव्यवस्थित बनाने के लिए बैंक द्वारा 2 से 4 अप्रैल तक त्यागराज स्टेडियम में तीन दिवसीय बिब वितरण एक्सपो का आयोजन किया गया, जिसमें धावकों के लिए विभिन्न सहभागिता कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस अवसर पर पीएनबी के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी अशोक चंद्र, कार्यपालक निदेशक बिभु प्रसाद महापात्र एवं डी सुरेंद्रन उपस्थित रहे और प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। अपने प्रमुख हाफ मैराथन को राष्ट्रीय स्तर पर विस्तारित करने के उद्देश्य से पीएनबी ने विभिन्न विभागों एवं शाखाओं के लिए वर्चुअल मैराथन का भी आयोजन किया है, जो वन टीम, वन मैराथन की भावना को सुदृढ़ करता है। देशभर से 1,00,000 से अधिक प्रतिभागियों के इसमें भाग लेने की संभावना है, जो अपनी सुविधा अनुसार 1 किमी, 3 किमी, 5 किमी, 10 किमी या 21.09 किमी की दूरी पूरी कर अपने-अपने शहरों से भारतीय सशस्त्र बलों के प्रति सम्मान दर्शाएँगे।

## सैमसंग ने भारत में गैलेक्सी बुक6 लॉन्च किया

मुंबई। भारत के सबसे बड़े कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड सैमसंग ने गैलेक्सी बुक6 सीरीज को लॉन्च कर दिया है। इसकी शुरूआती कीमत 1,27,990 रुपये है। सैमसंग की सबसे एडवांस्ड गैलेक्सी बुक सीरीज AI-पावर्ड प्रोडक्टिविटी को सटीक इंजीनियरिंग और संतुलित, स्लिम प्रोफाइल के जरिए नई ऊंचाइयों पर ले जाती है।

बेजोड़ परफॉर्मेंसः गैलेक्सी बुक6 सीरीज इंटेल कोर ™ अल्ट्रा सीरीज 3 प्रोसेसर के साथ आती है, जो 60% तक तेज उढव परफॉर्मेंस देती है। 50 TOPS NPU के साथ अकटास्क जैसे इमेज क्लीनअप, ट्रांसलेशन और स्मार्ट सर्च तेजी से होते हैं। गैलेक्सी बुक6 अल्ट्रा में NVIDIA® GeForce RTX™ 5070 GPU मिलता है, जो अक् वीडियो एडिटिंग और गेमिंग को और स्मूथ बनाता है। गैलेक्सी बुक6 अल्ट्रा और प्रो में बड़ा वेपर चैंबर और एन्हांस्ड फिन्स के साथ 35% बेहतर कूलिंग मिलती है। अल्ट्रा में डुअल-पाथ फैन और हीटसिंक भी दिया गया है।

उत्तरशक्ति

* संपादकः ओमप्रकाश प्रजापति
* उप संपादकः प्रेम चंद मिश्रा
*प्रबंध संपादकः डा. शेषधर बिन्द

उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है।

पत्राचार कार्यालय :
उत्तरशक्ति (हिंदी दैनिक)
मुंबई-पुणे मोटर मालक श्रमजीवन प्रिमायसेस को.सो., बी-5, ए-337 ट्रक टर्मिनल डब्लू.टी.टी. रोड, आर.टी.ओ. जवल ऑटाफ हिल वडाला, मुंबई-37
मो.- 9554493941
email ID- uttarshaktinews@gmail.com




स्वामीः शरद फागूराम प्रजापति, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक ओमप्रकाश रविंद्रनाथ प्रजापति द्वारा सोमानी प्रिंटिंग प्रेस, यूनिट क्रमांक 4, तल मजला, एन.के. इंडस्ट्रियल स्टेट, आरे रोड, प्रवासी इंडस्ट्रियल एस्टेट, जवल, गेट क्रमांक 2, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई-400063, महाराष्ट्र से मुदित एवं के-4, रूम नं. 8, ग्राउंड फ्लोर न्यू समता सहकारी को.ऑ. हां. सोसाइटी, एमएमआरडीए कॉलोनी कंजूरमार्ग (वेस्ट), जिला मुंबई- 400078, महाराष्ट्र से प्रकाशित। RNI NO. MAHHIN/2018/76092 * संपादक- ओमप्रकाश रविंद्रनाथ प्रजापति, समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के लिए उत्तरदाई तथा इससे उत्पन्न समस्त विवाद मुंबई न्यायालय के अधीन होंगे।
पत्राचार कार्यालयः मुंबई-पूणे मोटर मालक श्रमजीवन प्रिमायसेस को.सो., बी-5 ए-337 ट्रैक टर्मिनल, डब्लू.टी.टी. रोड, आर.टी.ओ. जवल, ऑटाफ हिल, वडाला मुंबई -37, मो.- 9554493941 email ID- uttarshaktinews@gmail.com

# पीडीए आंदोलन सत्ता परिवर्तन की दिशा में निर्णायक: मोहम्मद अरशद खान

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। नई दिल्ली समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव एवं पूर्व विधायक मोहम्मद अरशद खान ने शनिवार को एक



तीखा बयान जारी करते हुए कहा कि पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) आंदोलन अब केवल नारा नहीं, बल्कि सामाजिक न्याय की निर्णायक लड़ाई बन चुका है, जो मौजूदा सत्ता व्यवस्था की बुनियाद को हिला सकता है। उन्होंने आरोप लगाया कि देश में सामाजिक न्याय की अवधारणा को कमजोर करने और वंचित वर्गों को हाशिये पर धकेलने की साजिशें की जा रही हैं। ऐसे में पीडीए आंदोलन एक व्यापक जनआंदोलन के रूप में उभर रहा है, जो असमानता और अन्याय के खिलाफ संघर्ष करेगा। मोहम्मद अरशद खान ने कहा कि स्वतंत्रता सेनानियों द्वारा देखे गए समावेशी भारत के सपने को कमजोर किया जा रहा है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि संविधान और आरक्षण व्यवस्था पर किसी भी प्रकार का हमला बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और जनता इसका लोकतांत्रिक जवाब देगी। इतिहास का उल्लेख करते हुए उन्होंने डॉ. भीमराव अंबेडकर, महात्मा गांधी और मौलाना अबुल कलाम आजाद के विचारों को याद किया और कहा कि सामाजिक न्याय की यह धारा अब और मजबूत रूप ले चुकी है। उन्होंने अखिलेश यादव के नेतृत्व का जिक्र करते हुए कहा कि यह आंदोलन आने वाले समय में देश की राजनीति की दिशा तय करेगा और 2027 के चुनाव में भी इसकी महत्वपूर्ण भूमिका होगी।

अपने बयान में उन्होंने कहा कि पीडीए आंदोलन केवल राजनीति नहीं, बल्कि अधिकार, भागीदारी और सम्मान की लड़ाई है, जो गरीबों, किसानों, मजदूरों, पिछड़ों, दलितों और अल्पसंख्यकों को उनका हक दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है। अंतरराष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि भारत को दुनिया एक मजबूत लोकतंत्र के रूप में देखती है, लेकिन यदि सामाजिक न्याय कमजोर होता है तो यह वैश्विक चिंता का विषय बन सकता है।

अंत में उन्होंने जनता से आह्वान करते हुए कहा कि अब समय चुप रहने का नहीं, बल्कि अपने अधिकारों के लिए खड़े होने का है।

# प्रतिभाओं का सम्मान: शाहगंज गौरव सम्मान में दिखी सामाजिक एकता

खेतासराय,जौनपुर (उत्तरशक्ति)। मनेछा स्थित हबीब हॉस्पिटल के समीप सेंट डेविड स्कूल में गुरुवार की शाम शाहगंज गौरव सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। सेंट डेविड स्कूल एवं जौनपुर पत्रकार संघ की शाहगंज इकाई के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में क्षेत्र की विभिन्न प्रतिभाओं, समाजसेवियों और विशिष्ट जनों को सम्मानित किया गया।



कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आदमपुर निवासी एवं सिंगापुर के प्रसिद्ध कारोबारी अयाज अहमद उर्फ अज्जू भाई रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में जौनपुर पत्रकार संघ के जिलाध्यक्ष शशिमोहन सिंह क्षेम, पूर्व प्रधानाचार्य इरफान अहमद खान, चेयरमैन वसीम अहमद, शाहगंज चेयरमैन प्रतिनिधि वीरेंद्र सिंह बंटी एवं डॉ. अभिषेक रावत मौजूद रहे। समारोह की अध्यक्षता सर्वोदय इंटर कॉलेज खुदौली के प्रबंधक अनिल कुमार उपाध्याय ने की।

कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों के स्वागत से हुआ। इस दौरान सेंट डेविड स्कूल के कक्षा में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को मेडल देकर सम्मानित किया गया। विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने भारतीय संस्कृति की विविधता में एकता का संदेश दिया, जिस पर पंडाल तालियों से गूंज उठा।

मुख्य अतिथि अयाज अहमद ने कहा कि समाज में सकारात्मक कार्य करने वालों को सम्मानित करना अत्यंत आवश्यक है, इससे नई पीढ़ी को प्रेरणा मिलती है और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा का वातावरण बनता है। वहीं विशिष्ट अतिथि शशिमोहन सिंह ने कहा कि पत्रकारिता समाज का आईना है और पत्रकारों को निष्पक्ष एवं निर्भीक होकर कार्य करना चाहिए। उन्होंने ऐसे आयोजनों को समाज और पत्रकारिता के बीच सेतु बताया।

अध्यक्षता कर रहे अनिल कुमार उपाध्याय ने कहा कि प्रतिभाओं की कमी नहीं है, जरूरत है उन्हें उचित मंच देने की। उन्होंने शिक्षा को केवल किताबों तक सीमित न रखते हुए संस्कारों से जोड़ने पर बल दिया।

समारोह में पशु चिकित्सक डॉ. आलोक सिंह पालीवाल, चिकित्साधिकारी सोंधी डॉ. मसूद अहमद खान, कुसुम सिंह एडवोकेट, आथोर्पेडिक सर्जन डॉ. अबु फैसल, व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय विश्वकर्मा, मंडल महामंत्री मनीष गुप्ता, रामलीला समिति अध्यक्ष जगदंबा प्रसाद पाण्डेय सहित चिकित्सा, व्यापार, सामाजिक कार्य, महिला सशक्तिकरण, किन्नर समाज उत्थान और पत्रकारिता से जुड़े अनेक लोगों को स्मृति चिन्ह देकर शाहगंज गौरव सम्मान से नवाजा गया।

कार्यक्रम का संचालन रविकांत जायसवाल एवं फुरकान खान ने



किया, जबकि अंत में आयोजक डॉ. रईस खान और अखलाक खान ने सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त किया।

# मनरेगा और निजी नौकरी में दोहरी कमाई का आरोप, जांच की मांग तेज

रेणुकोट,सोनभद्र (उत्तरशक्ति)। गढ़वा जिले के केतार प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत परती कुशवानी से एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जहां एक व्यक्ति पर सरकारी योजना और निजी कंपनी दोनों से एक साथ आर्थिक लाभ लेने का आरोप लगा है।




प्राप्त जानकारी के अनुसार, गांव निवासी उपेंद्र गुप्ता, जो कथित रूप से हिंडालको इंडस्ट्रीज लिमिटेड (रेणुकूट, सोनभद्र) में कार्यरत थे, पर मनरेगा योजना के तहत भी मजदूरी लेने का आरोप है। आरोप है कि उन्होंने न सिर्फ अपने नाम से, बल्कि अपनी पत्नी सुनीता देवी और पुत्र रामजी गुप्ता के नाम से भी जॉब कार्ड बनवाकर कई वर्षों तक भुगतान प्राप्त किया।

स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि पूरा परिवार लंबे समय से रेणुकूट में रह रहा था और वहीं निजी कंपनी में कार्यरत था, इसके बावजूद गांव में मनरेगा के तहत मजदूरी दिखाकर भुगतान लिया जाता रहा। इस पूरे प्रकरण में ग्राम पंचायत की मुखिया मुन्नी देवी और प्रखंड स्तरीय अधिकारियों की भूमिका भी संदेह के घेरे में बताई जा रही है।

जब इस संबंध में मुखिया से जानकारी ली गई, तो उन्होंने बताया कि उपेंद्र गुप्ता रेणुकूट में कार्यरत हैं और यदि कोई गड़बड़ी हुई है तो वह ब्लॉक स्तर की त्रुटि हो सकती है।

बड़ा सवाल यह उठता है कि एक ही परिवार के सदस्य एक साथ दो स्थानों—सरकारी योजना और निजी कंपनी—से आय कैसे प्राप्त कर सकते हैं?

सूत्रों के अनुसार, करीब दो वर्ष पूर्व हिंडालको इंडस्ट्रीज में भी उपेंद्र गुप्ता से जुड़ा एक वित्तीय गड़बड़ी का मामला सामने आया था, जिसमें लगभग 10 लाख रुपये का भुगतान उनके खाते में हुआ था। बाद में कंपनी द्वारा उक्त राशि की रिकवरी कर ली गई और उन्हें नौकरी से भी हटा दिया गया। इस मामले में कानूनी कार्रवाई भी जारी बताई जा रही है।

**उठते अहम सवालः** क्या बिना ग्राम प्रधान/मुखिया के हस्ताक्षर के जॉब कार्ड जारी हो सकता है? क्या ब्लॉक अधिकारियों की मिलीभगत से फर्जी जॉब कार्ड बनाए गए?

क्या यह मामला अकेला है या व्यापक स्तर पर इस तरह की अनियमितताएं हो रही हैं?

ग्रामीणों की मांगः स्थानीय लोगों ने पूरे मामले की निष्पक्ष और उच्च स्तरीय जांच की मांग की है। साथ ही दोषी पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों, ग्राम प्रधान और आरोपी व्यक्ति के खिलाफ सख्त कार्रवाई तथा सरकारी धन की वसूली की मांग उठाई है।

यह मामला न केवल मनरेगा जैसी महत्वपूर्ण योजना की पारदर्शिता पर सवाल खड़ा करता है, बल्कि प्रशासनिक व्यवस्था की निगरानी प्रणाली पर भी गंभीर प्रश्न चिन्ह लगाता है।

# चोरी और लापरवाही का मामला, पुलिस व्यवस्था पर उठे सवाल

सैदपुर, गाजीपुर (उत्तरशक्ति)। थाना खानपुर से जुड़ा एक गंभीर मामला सामने आया है, जिसने पुलिस व्यवस्था और सुरक्षा पर सवाल खड़े कर दिए हैं। न्यायालय के आदेश के बावजूद वाहन स्वामी को न सिर्फ परेशानी का सामना करना पड़ा, बल्कि थाने की कार्यप्रणाली भी संदेह के घेरे में आ गई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, सरकार बनाम सत्यम यादव (गु०अ०सं०-300/2025, धारा 3/25 आयुध अधिनियम) के तहत जब्त वाहन संख्या यूपी 62 डीडी 5477 को न्यायालय द्वारा शर्तों के साथ रिलीज करने का आदेश दिया गया था। न्यायिक दण्डाधिकारी कक्ष संख्या-1, सैदपुर के मजिस्ट्रेट अश्वनी कुमार ने स्पष्ट किया कि वैध वाहन स्वामी को अनावश्यक रूप से उसके वाहन से वंचित नहीं रखा जा सकता।

न्यायालय ने अपने आदेश में सुप्रीम कोर्ट के महत्वपूर्ण निर्णय Sunderbhai Ambalal Desai बनामState of Gujarat का हवाला देते हुए कहा कि जब्त वाहनों को लंबे समय तक थानों में



रखना उचित नहीं है, क्योंकि इससे उनकी स्थिति खराब होती है।

हालांकि, मामला उस समय और गंभीर हो गया जब वाहन स्वामी ने आरोप लगाया कि सुपुर्दगी के समय वाहन से कीमती सामान गायब था और उसकी चाभी भी नहीं सौंपी गई। वाहन अधूरी और संदिग्ध स्थिति में मिला, जिससे थाने की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठने लगे हैं।

पीड़ित ने इस संबंध में पुलिस अधीक्षक गाजीपुर से शिकायत करते हुए उच्च स्तरीय जांच की मांग की है। साथ ही जिम्मेदार पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई और हुए नुकसान की भरपाई की भी मांग की गई है।

इस घटना के बाद स्थानीय लोगों में आक्रोश व्याप्त है। लोगों का कहना है कि जब थाने के भीतर ही जब्त संपत्ति सुरक्षित नहीं है, तो आम नागरिक की सुरक्षा को लेकर गंभीर चिंता उत्पन्न होती है।

अब देखना होगा कि प्रशासन इस मामले में क्या कार्रवाई करता है और दोषियों के खिलाफ कब तक कदम उठाए जाते हैं।

# श्रीमद्भागवत कथा में भावुक हुए आचार्य शांतनु जी महाराज, श्रीकृष्ण-विदुर प्रसंग सुनाते समय रुंध गया गला

## सुइथाकला गांव में आयोजित संगीतमयी श्री मद्भागवत कथा के तीसरे दिन बही ज्ञान, भक्ति एवं वैराग्य की त्रिवेणी

### बोले शांतनु जी महाराज- प्रेम की सगाई से बढ़कर कुछ नहीं

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। सुइथाकला विकासखंड क्षेत्र अंतर्गत सुइथाकला गांव में आयोजित संगीतमयी श्री मद्भागवत कथा के तीसरे दिन शुक्रवार को ज्ञान भक्ति एवं वैराग्य की अविरल त्रिवेणी प्रवाहित हुई। संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा के दौरान कथावाचक आचार्य शांतनु जी महाराज भगवान श्रीकृष्ण और महात्मा विदुर के प्रसंग का वर्णन करते हुए इतने भाव-विभोर हो गए कि उनका गला रुंध गया। इस मार्मिक क्षण ने कथा स्थल पर मौजूद श्रद्धालुओं को भी भावुक कर दिया।



कथा के दौरान आचार्य शांतनु जी महाराज ने भगवान श्रीकृष्ण और महात्मा विदुर के बीच के स्नेह और भक्ति का अत्यंत भावुक प्रसंग सुनाया। उन्होंने बताया कि जब भगवान अपने सच्चे भक्त के घर पहुंचते हैं, तो वहां किसी औपचारिकता या दिखावे की आवश्यकता नहीं होती, बल्कि केवल प्रेम ही सबसे बड़ा माध्यम होता है।

प्रसंग का वर्णन करते-करते महाराज जी इतने भावुक हो गए कि कुछ क्षणों के लिए उनका गला भर आया और वे बोल नहीं सके। कथा पंडाल में बैठे श्रद्धालु भी इस दृश्य को देखकर भावुक हो उठे और वातावरण भक्तिमय हो गया।

अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि भक्त और भगवान का संबंध अत्यंत अद्भुत और पवित्र होता है, जिसमें किसी तीसरे व्यक्ति का कोई स्थान नहीं होता। यह संबंध केवल सच्ची श्रद्धा और निष्कलंक प्रेम पर आधारित होता है।

उन्होंने कहा, 'सबसे उत्तम संबंध प्रेम की सगाई है। इससे बढ़कर इस संसार में कुछ भी नहीं है। जब मनुष्य भगवान से सच्चे मन से जुड़ता है, तो उसे किसी और सहारे की आवश्यकता नहीं रहती।'

कथा के अंत में उपस्थित श्रद्धालुओं ने भाव-विभोर होकर भगवान का स्मरण किया और कथा का रसपान कर स्वयं को धन्य महसूस किया। इस संसार में ब्रह्म ही जानने योग्य है। इसके लिए प्रयास करना चाहिए। उन्होंने कहा कि महाराज विदुर और युधिष्ठिर धर्मावतार हैं। जहां धर्म है वहां विजय सुनिश्चित है। कौरव और पांडवों दोनों पक्षों में धर्म था लेकिन धर्म के अनुसार उसे धारण करना ही वास्तविक धर्म है। कहा कि यदि गुरु, मित्र और वैद्य मीठा बोले तो सर्वनाश निश्चित है। प्रिय लगने वाला झूठ और अप्रिय लगने वाला सत्य नहीं बोलना चाहिए। मुख्य यजमान यमुना प्रसाद सिंह एवं इंद्रावती सिंह ने अतिथियों एवं आगंतुकों के प्रति आभार प्रकट किया। उन्होंने क्षेत्र वासियों से अधिक से अधिक संख्या में आकर कथा सुनने के लिए अपील किया ताकि सबका आध्यात्मिक कल्याण हो। मौके पर बदलापुर भाजपा विधायक रमेश चंद्र मिश्र, भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत प्रजापति, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि डॉ उमेश चंद्र तिवारी, कुंवर मृगेंद्र सिंह (शिव बाबा), उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ जौनपुर के वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष सतीश सिंह, अटेवा ब्लॉक अध्यक्ष अजय मिश्रा, शिक्षक संघ ब्लॉक अध्यक्ष सुधाकर सिंह, पारसनाथ यादव, डॉ रमेश सिंह, डॉ दिनेश सिंह, डॉ उमेश सिंह, जगदम्बा प्रसाद वर्मा, भाजपा नेता संजय सिंह इंजीनियर चंदन निषाद, अखिलेश मौर्य विहिप जिला सामाजिक समरसता प्रमुख सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# परीक्षा परिणाम घोषित, उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र सम्मानित

सुईथाकलां,जौनपुर (उत्तरशक्ति)। कादीपुर क्षेत्र स्थित अल-फारूक पब्लिक स्कूल में वार्षिक परीक्षा 2026 का परिणाम घोषित कर दिया गया। परिणाम घोषित होते ही विद्यार्थियों में उत्साह का वातावरण देखा गया। वार्षिक परीक्षा में सभी कक्षाओं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को मेडल एवं प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं में नर्सरी से श्रेयांश, एलकेजी से प्रियंश, यूकेजी से राखी, कक्षा 1 से वामिका सिंह, कक्षा 2 से काव्या पटेल, कक्षा 3 से वृषांक मिश्रा, कक्षा 4 से रोशनी मिश्रा, कक्षा 5 से अंजल चतुवेर्दी, कक्षा 6 से अंशिका राव, कक्षा 7 से दिव्यांश, कक्षा 8 से सौम्या मिश्रा तथा कक्षा 9 से समीक्षा यादव




शामिल रहे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जी.एल.ए. सुल्तानपुर की प्रधानाचार्या कनीज फातिमा उपस्थित रहीं। उन्होंने मेधावी विद्यार्थियों को मेडल एवं प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

विद्यालय के प्रबंधक एवं निदेशक हसन खान तथा प्रधानाचार्य ने सभी विद्यार्थियों को उनकी उपलब्धियों पर बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की तथा सभी अभिभावकों के प्रति आभार व्यक्त किया।

# स्कूल चलो अभियान का शुभारंभ, रैली के माध्यम से शत प्रतिशत नामांकन हेतु किया गया जागरूक

## स्कूल चलो अभियान की गूंज, रैली और कार्यक्रम से बढ़ा शिक्षा का उत्साह

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। नए शैक्षिक सत्र 2026-27 के अवसर पर 'स्कूल चलो अभियान' की जोरदार शुरूआत डायट परिसर में



भव्य समारोह के साथ की गई।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मा0 राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) खेल एवं युवा कल्याण विभाग श्री गिरीश चंद्र यादव जी उपस्थित रहे। अध्यक्षता जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चंद्र ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में मुख्य विकास अधिकारी ध्रुव खाड़िया उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इस दौरान बच्चों ने आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। इस अभियान का शुभारंभ प्रदेश स्तर पर वाराणसी में माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा किया गया, जिसका सजीव प्रसारण भी कार्यक्रम में दिखाया गया। अभियान का मुख्य उद्देश्य जनपद में शत-प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित करना तथा परिषदीय विद्यालयों में शिक्षा की गुणवत्ता को बेहतर बनाना है।

इस अवसर पर नव नामांकित बच्चों को निशुल्क पाठ्य-पुस्तकें, यूनिफॉर्म एवं बैग वितरित किए गए। इसके पश्चात स्कूल चलो रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। रैली में छात्र-छात्राएं एवं शिक्षक जागरूकता से जुड़े स्लोगन लिखी तख्तियां लेकर शामिल हुए। सब पढ़ें, सब बढ़ें, आधी रोटी खाएंगे, स्कूल जरूर जाएंगे और हर बच्चा स्कूल में जैसे नारों से वातावरण गूंज उठा। रैली चहारसू चौराहा, सद्भावना मोड़, शाही किला, अटाला मस्जिद, कोतवाली चौराहा होते हुए पुनः डायट परिसर पहुंचकर संपन्न हुई।

मुख्य अतिथि मा0 राज्यमंत्री श्री गिरीश चंद्र यादव जी ने अभिभावकों से अपील की कि वे अपने बच्चों का शत-प्रतिशत नामांकन कराएं और नियमित रूप से विद्यालय भेजें। जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चंद्र ने निर्देश दिए कि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे, इसके लिए अधिकारी एवं शिक्षक घर-घर संपर्क करें। अभियान का पहला चरण 15 अप्रैल तक तथा दूसरा चरण 1 जुलाई से 15 जुलाई तक चलाया जाएगा। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ. गोरखनाथ पटेल ने बताया कि 3 वर्ष तक के बच्चों का पंजीकरण आंगनबाड़ी केंद्रों में तथा 6 वर्ष तक के बच्चों का नामांकन प्राथमिक विद्यालयों में कराया जाएगा। कक्षा 5 उत्तीर्ण बच्चों का प्रवेश उच्च प्राथमिक विद्यालयों में सुनिश्चित किया जाएगा। साथ ही ड्रॉपआउट एवं दिव्यांग बच्चों के विशेष नामांकन पर भी जोर दिया जा रहा है। कार्यक्रम का संचालन बीईओ रमेशचंद्र पटेल एवं नूपुर श्रीवास्तव ने किया। इस अवसर पर नगर पालिका परिषद अध्यक्ष मनोरमा मौर्य, मंत्री प्रतिनिधि अजय सिंह खरजू, भाजपा जिला उपाध्यक्ष नीरज मौर्य सहित अनेक अधिकारी, शिक्षक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## शिक्षक नेता श्याम नारायण मिश्र की माता का निधन, क्षेत्र में शोक की लहर



जौनपुर (उत्तरशक्ति)। शिक्षक वेलफेयर एसोसिएशन के उपाध्यक्ष श्याम नारायण मिश्र की माता वंशा देवी का 94 वर्ष की आयु में उनके पैतृक गांव सिंघावल, सिंगरामऊ में निधन हो गया। उनके निधन की खबर मिलते ही पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। वंशा देवी अत्यंत दयालु, सरल स्वभाव एवं धार्मिक प्रवृत्ति की महिला थीं। उनके व्यक्तित्व और व्यवहार के कारण समाज में उन्हें विशेष सम्मान प्राप्त था। इस दुखद समाचार पर शिक्षक वेलफेयर एसोसिएशन के पदाधिकारियों एवं क्षेत्र के गणमान्य लोगों ने गहरा शोक व्यक्त किया। शोक व्यक्त करने वालों में संगठन के अध्यक्ष केपी सिंह चौहान, कार्याध्यक्ष दुर्गा प्रसाद मिश्र, कोषाध्यक्ष अशोक कुमार पाठक, सचिव अशोक कुमार सिंह, रामजनम मिश्र, गोपाल निषाद, अरविंद तिवारी, दिनेश मिश्र, पूर्व प्राचार्य विनोद कुमार तिवारी, वरिष्ठ पत्रकार शिवपूजन पांडे, प्राध्यापक इंदु प्रकाश सिंह, राजेंद्र प्रसाद तिवारी, रमेश दुबे, अंजनी प्रसाद मिश्र, रामकुमार तिवारी सहित अनेक लोग शामिल रहे। सभी ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की और शोक संतप्त परिवार के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं। अंतिम संस्कार में उनके पुत्र श्याम नारायण मिश्र के अलावा उनके भाई राम नारायण मिश्र, रामचंद्र मिश्र, कृष्ण चंद्र मिश्र, उदय नारायण मिश्र सहित परिवार के अन्य सदस्य उपस्थित रहे। ईश्वर दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें एवं परिवार को इस दुःख को सहने की शक्ति प्रदान करें।

# ड्राइविंग लाइसेंस आवेदकों से दलालों के माध्यम से वसूली जा रही मोटी रकम: श्रवण जायसवाल

## लोक शक्ति उद्योग व्यापार मण्डल के प्रदेश अध्यक्ष श्रवण जायसवाल ने आर्थिक भ्रष्टाचार के विरोध में सौंपा ज्ञापन

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। आज दिनांक 4 अप्रैल 2026 को लोक शक्ति उद्योग व्यापार मण्डल उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष श्रवण जायसवाल की अगुवाई में उत्तर प्रदेश परिवहन निगम जौनपुर में आरआई अशोक यादव व ओम कृष्णा मोटर ट्रेनिंग रामदयालगंज के सांठ गांठ से ड्राइविंग लाइसेंसों आवेदकों के साथ लगातार हो रहे आर्थिक भ्रष्टाचार के विरोध में जिलाधिकारी जौनपुर को ज्ञापन सौंपा गया। जिसमें जिलाधिकारी के प्रतिनिधि के रूप में अतिरिक्त मजिस्ट्रेट शिव प्रताप ने ज्ञापन लिया। जिसमें प्रदेश अध्यक्ष श्रवण जायसवाल ने कहा कि ड्राइविंग लाइसेंस आवेदकों से दलालों के माध्यम से मोटी रकम वसूली जा रही है। अगर समय रहते इसमें उचित कार्रवाई नहीं होती है तो व्यापार मण्डल आगे और भी संघर्ष करने की रणनीति पर काम करेगा। जिस तरीके से परिवहन विभाग और ओम कृष्णा मोटर ट्रेनिंग सेन्टर रामदयालगंज के बीच लूट की सांठ गांठ बनी हुई है। इस भ्रष्टाचार की समाप्ति तक सतत आन्दोलन छेड़ा जायेगा। उन्होंने जिला प्रशासन को चेतावनी दिया कि इस पर उच्च स्तरीय जांच कमेठी का





गठन कर पदार्फाश करें। प्रदेश सचिव अनवारूल हक गुड्डू व जिलाध्यक्ष संजीव साहू ने संयुक्त रूप से कहा कि जिस प्रकार रोहित नाम ड्राइविंग लाइसेंस आवेदक जो कि 29 दिसम्बर 2025 को अपना नियमानुसार परिक्षण रामदयालगंज स्थित ओम कृष्णा ट्रेनिंग सेन्टर पर अपना परीक्षण किया परन्तु उसे अनुपस्थित दिखा दिया गया। यह कहां तक उचित है, इसी प्रकार प्रतिदिन सैकड़ों की संख्या में लोग इस मिलीभगत का शिकार हो रहे हैं। अगर प्रशासन समय रहते इसी पर उचित कार्रवाई नहीं करता है तो व्यापार मण्डल चुप नहीं बैठेगा। उक्त कार्यक्रम में प्रदेश उपाध्यक्ष अमरनाथ मोदनवाल, प्रदेश उपाध्यक्ष अमर बहादुर सेठ, प्रदेश कोषाध्यक्ष अवधेश श्रीवास्तव, राजेश जायसवाल, शकील अहमद, नेहाल अहमद, रंजीत सोनकर, मोनू सोनकर, मो. अंसार, श्रीप्रकाश जायसवाल, कमलेश यादव, शम्स तबरेज, कृष्ण कुमार यादव सभासद सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।


डॉ. वकील नज़ीर इण्टर कालेज
ADDMISSION OPEN
2026- 27
फाउंडर & मैनेजर
डॉ. वकील अहमद नजीर
80094 80093
असिस्टेंट मैनेजर
मो0 राफे शमीम
(M.B.A)
निकट- करीमगंज, मानी कलाँ, शाहगंज, जनपद -जौनपुर (उ0प्र0)- 222139


मो. 7897031065, 9889373010
लालमनी मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल एंड ट्रामा सेन्टर
स्थान- मेडिकल कॉलेज के सामने, सिद्दीकपुर, जौनपुर.
हमारे अनुभवी विशेषज्ञ चिकित्सक
डॉ. दिलीप कुमार सरोज
MBBS-M.S. ORTHO
हड्डी रोग विशेषज्ञ • On Call
डॉ. चंचला मिश्रा
MBBS-M.S.
स्त्रीरोग विशेषज्ञ • सुबह 10 से शाम 4 तक
डॉ. दिनेश कुमार
MBBS.MD. (GENERAL MEDICINE)
IMS - BHU 24 घण्टे
डॉ. प्रभाकर उपाध्याय
MBBS-M.S.
(जनरल सर्जरी) • On Call
डॉ. सुनील दुबे
MBBS-M.S.
(जनरल सर्जरी) • On Call
डॉ. अरविन्द कुमार यादव
MBBS-M.D.
बाल रोग विशेषज्ञ • प्रतिदिन
उपलब्ध सुविधाए-
• OT (MODULAR OT)
• VENTILATOR
• DIGITAL X-RAY
• PATHOLOGY
• ICU
• ABG
• BiPAP
• ECG


ISO 9001: 2015 CERTIFIED
आशीर्वाद हॉस्पिटल
डा. विनोद कन्नौजिया
एम.बी.बी.एस., एम.एस. ( आर्थो सर्जन )
ट्रामा एण्ड ज्वाइन्ट रिप्लेसमेन्ट सर्जन
हड्डी एवं जोड़ रोग विशेषज्ञ
दूरबीन (Arthroscopy) विधि द्वारा Ligament Repair (ACL, PCL, Etc.) की सुविधा उपलब्ध।
आयुष्मान भारत योजना के अन्तर्गत समस्त रोगों का निःशुल्क इलाज
Policetechnical Chauraha, Jaunpur
9415287571, 8953320461
9838639567, 7839059070
जनपद का प्रथम जापानी तकनीकी से निर्मित अध्यायुविक IVF (टेस्ट ट्यूब बेबी) सेन्टर
ASHIRWAD IVF & FERTILITY CENTER
Embrance Your Life's Most Precious Gift
डा. अन्जू कन्नौजिया
एम.बी.बी.एस., एम.एस.कन्सलटेन्ट आब्सटेट्रिक्स & गायनकोलोजिस्ट एण्ड इनफर्टीलिटी स्पेशलिस्ट
इक्सी टेस्ट ट्यूब बेबी विशेषज्ञ
स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
पता : पालिटेक्निक चौराहा, जौनपुर


Reg. No. JNP/228
Mob. 9554188080
ABEEHA
Diagnostic Center
अबीहा
डायग्नोस्टिक सेन्टर
24/7 Emergency Services
ULTRASOUND
PATHOLOGY
Shahganj Padaw, Pani Tanki, In Front of Mandir, Jaunpur


EPS EDEN PUBLIC SCHOOL
C.B.S.E. AFFILIATED (10+2) ENGLISH MEDIUM
Nursery to IX & XI Science, Commerce & Art
नूरजहाँ गर्ल्स हायर सेकण्ड्री स्कूल
2026-27 ADMISSION OPEN
Founder/Chairmain
Pervez Alam (Bhutto)
Add- Imranganj, Shahganj, Jaunpur (UP) 223101


नया सत्र
Educate A Girl.... Educate A Family....
Best Educationist Award by Deputy CM Shri Brajesh Pathak
मॉडर्न कान्वेंट स्कूल
कक्षा- नर्सरी से 11 तक
अंग्रेज़ी माध्यम
Established Since 1999
With good quality of education
E-mail: modernconventschool007@gmail.com
www.mcsshools.com
प्रवेश प्रारम्भ
2026-27
7518714123
8960117268
7007016231
प्रबंधक
डॉ0 आबिद खान
निकट- हबीब हॉस्पिटल के पास खेतसाराय, जौनपुर

